Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रामअवतार शर्मा

'मास्टर' मणिमालायाः १९ संख्यको मणिः (कर्मकाण्डविभागे ७)

Ram Autar Sharma

अथ

रामअवतार शर्मा

श्रीसत्यनारायणव्रतकथा

Ram Autar Sharma

भाषाटीकासहिता

पं० श्रीरघुनन्दनमिश्रेण समुद्भासिता।

मूल्यम् ॥=)

अस्याः पुनर्मुद्रणे सर्वेऽधिकारा राजशासनानुसारेण प्रकाशयित्रा स्वायत्तीकृताः।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ग्रन्थकर्ता—स्व० पं० श्रीवायुनन्दनमिश्रः, कर्म काण्डी ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

* भूमिका *

बहुत से लोग पूछा करते हैं कि वह सत्यनारायण की कथा कौनसी है जो ब्राह्मण वो वैश्य ने सुनी थी? सो यह शङ्का न होनी चाहिये। उन लोगों को यह जानना चाहिये कि सत्यनारायण का एक व्रत है और उस व्रतसम्बन्धी जो आख्यान है वही कथा है। और भगवत्सम्बन्धी जो आख्यान हैं सो युग युग में नित्य वैसे ही होते रहते हैं और भगवत्-भक्तों के ऊपर जो अनुग्रह करने के चरित्र हैं, वही भगवत्सम्बन्धी कथायें हैं। स्कन्दपुराण के चतुर्विंशतिसहस्त्रसंहितात्मक अन्यदेवरेवाखण्ड में सत्यनारायण व्रतादिक कहा है। महाशयगण ! लिखने में या छापने में जो कुछ अशुद्धियाँ हो गई हों, उसे आप विद्वज्जन सुधार लेवें।

—(स्व०) वायुनन्दन मिश्र।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

❀ अथ सत्यनारायणव्रतकथापूजनसामग्री ❀

)। रोरी
)। नारा
)।। अबीर
)= बुक्का
)= मेंहदी की बुकनी
)= हरदी की बुकनी
सुरुआरी का बिया ऽ–
)। सर्वौषधी
पञ्चरत्न की पुड़िया ५
पञ्चपल्लव
सप्तमृत्तिका
सप्तधान्य ऽ१।

सुवर्ण का टुकड़ा ५
कलश तामेका ५
ढकना तामेका ५
माला, फूल, तुलसी
दूध गौका ऽ१।
दही गौका ऽ।
घृत गौका ऽ।
शहद ऽ–
चीनी ऽ१।
आटा गेहूँ का ऽ१।
चावल ऽ१।
केशर का चन्दन

धोती १, अङ्गोछा १
जनेऊ जोड़ा २
)।। धूपबत्ती
दीपबत्ती १५
)।। कपूर
पेड़ा ऽ।।
बताशा ऽ।
ऋतुफल
)।। पान
सोपाड़ी ऽ–
नारियल
मखमल २।। गज़

चौकी १
पीढ़ा १
प्रतिमा सोने की
(विष्णु की या शालिग्राम की)
केला का खम्भा ६ बड़ा
तोरण
हँडिया
कसोरा, दिया
वेदी के लिए बालू
शाकला
परास की लकड़ी
गङ्गाजल

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

श्रीगणेशाय नमः * अथ पूजनप्रकारः * यजमानः सायङ्काले युग्मवस्त्रेण स्नात्वा, स्नानान्ते शुद्धधौतं नवं श्वेतं उत्तरीयं च परिधाय यज्ञोपवीतं धारयित्वा शुभासने प्राङ्मुखोपविश्य आचम्य प्राणानायम्य ॥ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ॥ यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥ इत्यात्मानं पूजासामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य ॥ हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहीत्वा ॥ 'सुमुखश्चैकदन्तश्च' इत्यादि पठित्वा ॥ सङ्कल्पः ॥ देशकालौ सङ्कीर्त्य अमुकगोत्र अमुकशर्माऽहं ममाऽऽत्मनः श्रुति-स्मृति-पुराणोक्त-फलप्राप्त्यर्थं सकलदुरितोपशमन–सर्वापच्छान्तिपूर्वकम् अमुकमनोरथसिद्ध्यर्थं च यथासम्पादितसामग्र्या पूर्वाङ्गीकृतं श्रीसत्य-नारायणपूजनपूर्वकपुस्तकव्यासपूजनं कथाश्रवणं च करिष्ये ॥ तदङ्गत्वेन कलशस्थापनं वरुणपूजनं सूर्यादिनवग्रहदेवतास्थापनं पूजनं च करिष्ये ॥ तत्राऽऽदौ निर्विघ्नतासिद्ध्यर्थं गणेशाऽम्बिकयोः पूजनं च करिष्ये ॥ क्रमेण गणेशगौरीवरुणनवग्रहपूजनं विधाय सत्यनारायणपूजनं कुर्यात् ॥ तद्यथा ॥ ॐ गणानान्त्वेति गणपतये नमः गणपतिमा० ॥ ॐ अम्बेऽम्बिके० इति गौर्यै नमः गौरीमा० ॥ पादयोः पाद्यं० हस्तयोः अर्घ्यं स० आचमनीयं स० स्नानं स० गन्धं स० अक्षतान् स० पुष्पमालां स० धूपं आघ्रापयामि दीपं दर्शयामि । हस्तप्रक्षालनम् । नैवेद्यं समर्प० आचमनीयं मध्ये पानीयं उत्तरापोषणं समर्पयामि । मुखशुद्ध्यर्थे ताम्बूलपूगीफलं स० दक्षिणां स० प्रदक्षिणां स० आर्तिक्यं समर्पयामि ॥ पुष्पाञ्जलिं स० विशेषाऽर्घ्यं स० प्रार्थनां समर्पयामि ॥ अनया पूजया गणेशाम्बिके प्रीयेताम् ॥ एवं कलशस्थापनविधिना कलशं प्रतिष्ठाप्य ॥ ॐ तत्त्वा-यामीति वरुणमावाह्य पूजयेत् ॥ ॐ ग्रहा ऊर्ज्जेति मन्त्रेण नवग्रहान् संस्थाप्य पूजयेत् ॥ ॐ सूर्याय नमः सूर्यं० ॥ १ ॥ ॐ

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चन्द्राय नमः चन्द्रम्० ॥ २ ॥ ॐ भौमाय नमः भौममा० ॥ ३ ॥ ॐ बुधाय नमः बुधमा० ॥ ४ ॥ ॐ बृहस्पतये० नमः बृहस्पतिमा० ॥ ५ ॥ ॐ शुक्राय नमः शुक्रमा० ॥ ६ ॥ ॐ शनैश्चराय० नमः शनैश्चरमा० ॥ ७ ॥ ॐ राहवे नमः राहुमा० ॥ ८ ॥ ॐ केतवे नमः केतुमा० ॥ ९ ॥ इति पूर्ववत् ग्रहशान्त्यनुसारेण सम्पूज्य । * अथ सत्यनारायणपूजनम् * पुष्पं गृहीत्वा ध्यानं कुर्यात् ॥ ध्यायेत्सत्यं गुणातीतं गुणत्रयसमन्वितम् ॥ लोकनाथं त्रिलोकेशं कौस्तुभाभरणं हरिम् ॥ १ ॥ नीलवर्णं पीतवस्त्रं श्रीवत्सपदभूषितम् ॥ गोविन्दं गोकुलानन्दं ब्रह्माद्यैरपि पूजितम् ॥ २ ॥ इति ध्यानम् । आगच्छाऽऽगच्छ देवेश ! तेजोराशे जगत्पते ! ॥ क्रियमाणां मया पूजां गृहाण सुरसत्तम ! ॥ इत्यावाहनम् ॥ ततः तुलसीदलं गृहीत्वा आसनं दद्यात् । नानारत्नसमायुक्तं कार्तस्वरभूषितम् । आसनं देवदेवेश ! प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम् । इत्यासनम् । नारायण नमस्तेऽस्तु नरकार्णवतारक ! ॥ पाद्यं गृहाण देवेश ! मम सौख्यं विवर्धय ॥ पाद्यं स० ॥ व्यक्ताऽव्यक्तस्वरूपाय हृषीकपतये नमः ॥ मया निवेदितो भक्त्या अर्घोऽयं प्रतिगृह्यताम् । इत्यर्घम् । मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम् ॥ तदिदं कल्पितं देव ! सम्यगाचम्यतां त्वया । इत्याचमनम् । स्नानं पञ्चामृतं देव ! गृहाण पुरुषोत्तम ! । अनाथनाथ सर्वज्ञ गीर्वाणगणतिप्रिय ! ॥ इति पञ्चामृतस्नानम् ॥ गङ्गा च यमुना चैव गोदावरी सरस्वती ॥ नर्मदासिन्धुकावेरी स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥ इति शुद्धोदकम् ॥ वेदसूक्तसमायुक्ते यज्ञसामसमन्विते ॥ सर्ववर्णप्रदे देव ! वाससी प्रतिगृह्यताम् ॥ इति वस्त्रम् ॥ ब्रह्मविष्णुमहेशेन निर्मितं ब्रह्मसूत्रकम् ॥ यज्ञोपवीतदानेन प्रीयतां कमलापतिः ॥ इति यज्ञोपवीतम् ॥ आचमनम् ॥ उत्तरीयवस्त्रम् ॥ आचमनम् ॥ श्रीखण्डचन्दनं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम् ॥ विलेपनं सुरश्रेष्ठ ! चन्दनं प्रतिगृह्यताम् ॥ इति चन्दनम् ॥ मल्लिकादिसुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो ! ॥ मयाहृतानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ॥ इति पुष्पाणि समर्पयामि ॥ वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः ॥ आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ इति धूपं समर्पयामि ॥ आज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया ॥ दीपं गृहाण देवेश ! त्रैलोक्यतिमिरापहम् ॥ इति दीपं दर्शयामि ॥ घृतपक्वं हविष्यान्नं पायसं च सशर्करम् ॥ नानाविधं च नैवेद्यं विष्णो ! मे प्रतिगृह्यताम् ॥ इति नैवेद्यं निवेदयामि ॥ सर्वपापहरं दिव्यं गाङ्गेयं निर्मलं जलम् ॥ आचमनं मया दत्तं गृह्यतां पुरुषोत्तम ! ॥ इत्याचमनं समर्पयामि ॥ लवङ्गकर्पूरसंयुक्तं ताम्बूलं सुरपूजितम् ॥ प्रीत्या गृहाण देवेश ! मम सौख्यं विवर्द्धय ॥ ताम्बूलं समर्पयामि ॥ इदं फलं मया देव ! स्थापितं पुरतस्तव ॥ तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि ॥ इति फलं समर्पयामि ॥ हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः ॥ अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे ॥ इति दक्षिणां समर्पयामि ॥ चतुर्वर्त्तिसमायुक्तं घृतेन च सुपूरितम् ॥ नीराजनेन सन्तुष्टो भवत्येव जगत्पतिः ॥ इति नीराजनम् ॥ यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च ॥ तानि तानि विनश्यन्ति प्रदक्षिणं पदे पदे ॥ इति प्रदक्षिणाम् ॥ ततः पुष्पाञ्जलिम् ॥ शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम् ॥ लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥ इति पुष्पाञ्जलिः ॥ अनया पूजया श्रीविष्णुः प्रीयतां न मम ※ अथ पुस्तकव्यासपूजनप्रकारः ※ ततः पुस्तके सरस्वत्यै नमः, व्यासपुरुषाय नमः, इति गन्धपुष्पधूपदीप-नैवेद्यताम्बूलदक्षिणां समर्पयामि । ※ इति पूजनविधिः समाप्ता ※

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ततः शङ्खनिनादं कृत्वा मङ्गलाचरणमारभेत् ❋ अथ मङ्गलाचरणम् ❋ नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ॥ देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ॥ गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ॥ गुरुः साक्षात्परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ अखण्ड-मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराऽचरम् ॥ तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ॥ चक्षु-रुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ अमोघं पुण्डरीकाक्षं नृसिंहं दैत्यसूदनम् ॥ हृषीकेशं जगन्नाथं वागीशं वरदायकम् ॥ गुणत्रयं गुणातीतं गोविन्दं गरुडध्वजम् ॥ जनार्दनं जनातीतं जानकीवल्लभं हरिम् ॥ प्रणमामि सदा भक्त्या नारायणमतः परम् ॥ दुर्गमे विषमे घोरे शत्रुभिः परिपीडिते ॥ निस्तारयस्व सर्वेषु तथाऽनिष्टभयेषु च ॥ नामान्येतानि सङ्कीर्त्य ईप्सितं फलमाप्नुयात् ॥ सत्य-नारायणं देवं वन्देऽहं कामदं प्रभुम् ॥ लीलया विततं विश्वं येन तस्मै नमो नमः ॥ नीलाम्बुजश्यामलकोमलाङ्गं सीतासमारोपित-वामभागम् ॥ पाणौ महाशायकचारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम् ॥ सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिणौ वन्दे विशुद्धविज्ञानौ कवीश्वरकपीश्वरौ । श्रीराघवं दशरथात्मजमप्रमेयं सीतापतिं रघुकुलान्वयरत्नदीपम् ॥ आजानुबाहुमरविन्ददलायताक्षं रामं निशाचर-विनाशकरं नमामि ॥ ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः ॥ केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी हारी हिरण्मयवपुर्धृतशङ्खचक्रः ॥ आपद्घनध्वान्तसहस्रभानवः समीहितार्थार्पणकामधेनवः ॥ अपारसंसारसमुद्रसेतवः पुनन्तु मां ब्राह्मणपादपांसवः ॥ तत्रैव गङ्गा यमुना च तत्र गोदावरी सिन्धुसरस्वती च ॥ सर्वाणि तीर्थानि वसन्ति तत्र यत्राच्युतोदारकथा-प्रसङ्गः ॥ इति मङ्गलाचरणम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

※ श्रीगणेशाय नमः ※ कथावाचक अर्थात् व्यासजी श्रोता लोगों से कहते हैं कि एक समय नैमिषारण्य में शौनक-प्रभृति अट्ठासी हजार ऋषिगण इकट्ठे होकर आपस में विचार कर रहे थे कि महाघोर कलिकाल आ रहा है सो कलि के मनुष्यों को महान् दुःख प्राप्त होगा। इस दुःखरूपी ताप से बचाने के लिये क्या उपाय करना चाहिए ? इसी बीच व्यासजी के शिष्य पौराणिक सूतजी महाराज त्रिपुण्ड धारण किये, रुद्राक्ष की माला पहिने, शिष्यों के सहित जहां पर अट्ठासी हजार ऋषि लोग थे, वहाँ पर आते भये। उनको देखकर अट्ठासी हजार शौनकादिक ऋषियों ने उठ कर साष्टाङ्ग दण्डवत् किया। दोहा में एक

श्रीगणेशाय नमः ॥ व्यास उवाच—

एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः ॥ पप्रच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु ॥ १ ॥

कवि ने कहा है—"हरषि उठै आदर करै, आवत जानि अतीत। ऐसे जनको जानिये, परमेश्वर सों प्रीत ॥ आवत ही हरखे नहीं, नैनन नहीं सनेह। भूले तहाँ न जाइये, कञ्चन बरसै मेह ॥ याते कहत पुकारि के, सुनो सकल दे कान। हेमदान गजदान ते, बड़ो दान सनमान ॥" तुलसीदासजी ने भी लिखा है कि—"दलन मोहतम सो सुप्रकासू। बड़े भाग्य उर आवहिं जासू ॥ उघरहिं विमल विलोचन हियके। मिटहिं दोष दुःख भव-रजनी के ॥" ऐसा सूतजी से कहकर श्रीसूतजी महाराज को आसन देकर, शौनकादिक ने उनका यथोचित पूजन किया ॥ १ ॥ और शौनकादिकों ने सूतजी से कहा कि हे महाराज ! इस समय तो आपका ऐसा शुभागमन भया है कि जैसे नदी में डूबते हुए मनुष्यों को नाव आकर बचा लेती है। उसी तरह हम लोग

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इस समय शोकरूपी सागर में डूब रहे थे, सो उस सागर से बचाने के लिये आपका शुभागमन भया। जैसे कि तुलसीदास जी ने लिखा है कि—"राम विरह सागर महँ, भरत मगन मन होत। विप्र रूप धरि पवन सुत, आय गये जिमि पोत ॥" सो वह शोक रूपी सागर यह है कि कलियुग समीप आ रहा है इसमें कैसे कैसे मनुष्य होंगे? सो हे महाराज! सुनिये ॥ सवैया ॥ "मानहिंगे नहिं शास्त्र की रीति, करैंगे अनीति, डरैंगे न जीको। हिन्दु कहाइ के हिन्दिहि छौंड़ि, पढ़ैं सब इंग्लिश फारसि नीको ॥ करैंगे पुराण व मूरति खण्डन, रुद्रविवाह करावैंगे तीको। वेद के अर्थ अनर्थ करैंगे, बतावैंगे गप्पहि जोग यती को ॥ सन्त

ऋषय ऊचुः—

व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम् ॥ तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामुने! ॥ २ ॥

भ्रमन्त जटन्त वनैंगे, करैंगे न योग, कहावैंगे योगी। नशा की दशा में फसैंगे सभी, शिशु वृद्ध युवा नर होवैंगे रोगी ॥ अबला सुख देखि सबै जनता तजि मातु पिता, बन जाहिंगे भोगी। सदा कलिकाल अकाल पड़ैंगे, फलेंगे न वृक्ष, सुवृष्टि न होगी ॥ सान्ध्यविधी न करेंगे कोई, नित तर्पण होम की कौन चलाइये ॥ बनिता जग रूपवती पतिहीन, जिन्हैं पति हैं तिन पुत्र न पाइये ॥ जिन्हके गृह तीनों रहैंगे बने, तिन्हके गृह नित्य उपास जनाइये। हे प्रभु दीनदयाल दयानिधि, ताप–विमोचन युक्ति बताइये ॥' सो हे प्रभो! व्रत करके या तप करके वाञ्छित फल जिस प्रकार प्राप्त होय सो आप कहिये। जिसमें कि उन मनुष्यों को दुःख न प्राप्त होवै। फिर हाथ जोड़कर शौनकादिक कहते हैं—॥ दोहा ॥ "वन्दौं पद धरि धरणि शिर, विनय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करौं कर जोरि । बरणौं रघुवर विमल यश, श्रुति सिद्धान्त निचोरि ॥ चौपाई ॥ अति आरत पूछौं मुनिराया । रघुपति कथा कहहु करिदाया ॥" सो हे महाराज! हमारे लोगों को सुनने की इच्छा है ॥ २ ॥ सो आगे के प्रसङ्ग में सूत जी महाराज कहैंगे ॥ अब सूत जी महाराज कहते हैं कि हे शौनकादिक ऋषि ! आप लोग धन्य हैं। ऐसे मनुष्य जो हैं वे ही सत्पुरुष कहे जाते हैं जो कि परोपकार के लिए चिन्ता करते रहते हैं और इसका उद्योग करते हैं, जैसा कि एक कवि ने कहा है—॥ सवैया ॥ "जिनके जग शत्रु न होवै कोऊ, पर के अपकार की राय न होई ॥ परकाज के हेतु स्वकाज तजैं, धनधान्यहु को तजि देत हैं

सूत उवाच–

नारदेनैव सम्पृष्टो भगवान् कमलापतिः ॥ सुरर्षये यथैवाऽऽह तच्छृणुध्वं समाहिताः ॥ ३ ॥

जोई ॥ सङ्कट प्राण पै आय परै, तबहूँ नहिं सत्य खजाने को खोई ॥ दीनजनों को उबारैं सदा, अस हैं पुरुषोत्तम या जग कोई ॥" तुलसीदास ने भी लिखा है कि—"साधुचरित शुभ सरिस कपासू। निरस विशद गुणमय फल जासू ॥ जो सहि दुख पर छिद्र दुरावा । बन्दनीय जेहि जग यश पावा ॥" और भी कहते हैं कि—"भले भलाई पर लहैं, लहैं निचाई नीच । सुधा सराहिय अमरता, गरल सराहिय मीच ॥" सो हे परोपकारी ऋषिगण ! ऐसे ही एक समय कमला जो लक्ष्मी तिनके पति जो भगवान् तिनसों नारद जी ने पूछा रहा, जैसा आप लोगों ने हमसे पूछा है। सो हे ऋषिलोग ! सन्ध्या करने के बाद जैसा नारदजी के प्रश्न का उत्तर भगवान् ने दिया है उसी प्रकार हम आप लोगों से कहैंगे । शौनकादिकों ने कहा कि बहुत अच्छा महाराज !

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हम लोग भी सन्ध्योपासन कर लेवैं ॥ क्योंकि ऐसा कहा है कि—तीन दिन ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य सन्ध्योपासन न करैं तो शूद्र की तरह हो जाते हैं। जैसा कि स्मृति में लिखा है—॥ श्लोक ॥ "सप्ताहं प्रातरस्नायी सन्ध्याहीनस्त्रिभिर्दिनैः ॥ द्वादशाहमनग्निः सन् द्विजः शूद्रत्वमाप्नुयात् ॥" और एक कवि ने भी कहा है ॥ सवैया ॥ "जो उठि प्रात नहात नहीं, दिन सात चलै यह ही विधि जाको ॥ अक्ष की माल न भाल विभूति, न देत जु अर्घ सदा सविता को ॥ सान्ध्यविधी करते नहिं जो, दिन तीन न ध्यान धरैं जो उसा को ॥ द्विजराज बनै निजकाज तजै, गनिये अस ब्राह्मण शूद्रप्रथा को ॥" तदनन्तर सन्ध्योपासन करके

एकदा नारदो योगी पराऽनुग्रहकाङ्क्षया ॥ पर्यटन् विविधान् लोकान् मृत्युलोकमुपागतः ॥ ४ ॥

ततो दृष्ट्वा जनान् सर्वान् नानाक्लेशसमन्वितान्। नानायोनिसमुत्पन्नान् क्लिश्यमानान् स्वकर्मभिः ॥ ५ ॥

ऋषि लोग सूतजी के पास आये और दण्डवत् करके बैठे। सूत जी महाराज भी सन्ध्योपासन से निवृत्त होकर बैठे थे। सो शौनकादिकों से सूतजी कहते हैं कि एकाग्रचित्त होकर सुनो—"सियाराम पद राखि उर, सुनहु मोर उपदेश। जो गरीब कहुँ लखि परै, काटहु तुरत कलेश। दया धर्म को मूल है, नरक मूल अभिमान। याते दया न छोड़िये, जबलौं घट में प्रान" ॥ ३ ॥ सो हे ऋषिलोग! एक समय नारदयोगी जो हैं सो परकार्य के लिए इच्छा करके विविधलोक में घूमते मृत्युलोक में आते भये ॥ ४ ॥ उस मृत्यु लोक में क्या देखते हैं कि जितने मनुष्य हैं सो नाना प्रकार के क्लेश युक्त हैं और अनेक योनि में उत्पन्न होकर अपने किये हुए पापों को भोग रहे हैं ॥ ५ ॥ सो ऐसे मनुष्यों को दुःखी देखकर नारद जी विचार करने लगे कि

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इन मनुष्यों का दुःख किस प्रकार दूर होगा ? सो मन में विचार करके वीणा बजाते, हरिगुण गाते विष्णुलोक याने वैकुण्ठलोक को जाते भये ॥ तुलसीदासजी ने कहा है—"एकबार करतल कर वीणा । गावत हरिगुण परम प्रवीणा ॥ क्षीरसिन्धु गवने मुनिनाथा । जहँ बस श्रीनिवास श्रुतिगाथा ॥ हरषि मिले उठि रमानिकेता । बैठे आसन ऋषिहिं समेता" ॥ ६ ॥ वहाँ पर नारदजी ने देखा कि भगवान् का शुक्लवर्ण है और उनके चार भुजाएँ हैं, चारों भुजाओं में शङ्ख चक्र गदा पद्म क्रम से धारण

केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद्ध्रुवम् ? इति सञ्चिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा ॥ ६ ॥
तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णं चतुर्भुजम् ॥ शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-वनमालाविभूषितम् ॥ ७ ॥

नारद उवाच—

दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे ॥ नमो वाङ्मनसातीतरूपायाऽनन्तशक्तये ॥ ८ ॥

किये हैं और वनमाला से विभूषित हैं ॥ वनमाला किसको कहते हैं ॥ श्लोक—"तुलसी-कुन्द-मन्दार-पारिजातैश्च चम्पकैः ॥ पञ्चभिर्ग्रथिता माला वनमाला विभूषिता ॥" ऐसी माला नख से शिखा तक धारण किये हैं ॥ ७ ॥ ऐसे देवों के देव याने स्वामी जो भगवान् नारदजी उनकी स्तुति करते हैं । हे भगवन् ! आपको साष्टाङ्ग दण्डवत् है । आप सब प्राणियों को जाननेवाले हैं । आप अनन्त रूप हैं, आपकी अनन्त शक्ति है ॥ ८ ॥ आप आदि मध्य अन्त से रहित, याने अनन्त हैं । निर्गुण और रजोगुण

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तमोगुण सतोगुण की आत्मा हैं और सम्पूर्ण प्राणियों के आदिभूत कारण हैं और अपने भक्तों के दुःख को नाश करनेवाले हैं। छन्द—"जय सृष्टि विधाता, सब जग त्राता, भक्तहेतु तनुधारी। जय राक्षसनाशक, विश्वप्रकाशक, भूभारहरण, मुरारी। गावहिं जेहि वेदा, पाव न भेदा, निर्गुण सगुन बखानी। जेहि गिरा न भावै, मन नहिं जावै, जिनसे सब हैं ज्ञानी। जो जेहिं तनु माहीं, ध्यान लगाहीं, पावहिं सों फल भोगा। जो करहिं प्रणामा, जग अभिरामा, होहि न तिनके रोगा। देखेउ

आदि-मध्या-ऽन्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने ॥ ९ ॥
श्रुत्वा स्तोत्रं ततो विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ किमर्थमागतोऽसि त्वं ?
किं ते मनसि वर्त्तते ? ॥ कथयस्व महाभाग ! तत्सर्वं कथयामि ते ॥ १० ॥

नारद उवाच—

मर्त्यलोके जनाः सर्वे नानाक्लेशसमन्विताः ॥ नानायोनिसमुत्पन्नाः पच्यन्ते पापकर्मभिः ॥ ११ ॥

मृत्युलोका, लोक सशोका आयऊँ लेन उपाई। मैं भक्त तिहारो, अर्ज हमारो, सुनिये ध्यान लगाई" ॥ ९ ॥ ऐसी स्तुति नारद जी की सुनकर, भगवान् नारदजी से कहते हैं कि हे नारद ! किस अर्थ के वास्ते आपका आगमन भया है ? और आपके मन में क्या वर्तमान है ?, सो हे महाभाग ! आप मुझसे कहैं मैं उसका उत्तर दूँगा ॥ नारदजी बोले कि हे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भगवन् ! हम तो इस अर्थ के वास्ते आये हैं कि मर्त्यलोक में मैं गया था सो वहाँ पर जाकर देखा कि जितने मनुष्य हैं सो नाना प्रकार के क्लेश को प्राप्त हैं और अनेक योनि में उत्पन्न होकर पापकर्म में पच रहे हैं ॥ ११ ॥ जैसे कि तुलसीकृत-रामायण में लिखा है —"भये विकल खग मृग एहि भाँती ॥ अपर कथा कैसे कहि जाती । यह कलिकाल कठिन उरगारी ! । पापपरायण सब नर-नारी ।" सो हे भगवन् ! अधम उधारन ! तिन मनुष्यों के वास्ते कोई छोटा उपाय बताइये जिसमें कि उन मनुष्यों का दुःख छूट जाय । यदि आप हमारे ऊपर कृपा रखते हैं तो कृपाकर कहिये, हमारे सुनने की इच्छा है । "दीनदयाल

तत्कथं शमयेन्नाथ ! लघूपायेन तद्वद ? ॥ श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वं कृपाऽस्ति यदि ते मयि ॥ १२ ॥

श्रीभगवानुवाच—

साधु पृष्टं त्वया वत्स ! लोकानुग्रहकांक्षया ॥ यत्कृत्वा मुच्यते मोहात्तच्छृणुष्व वदामि ते ॥ १३ ॥

विरद सम्भारी । हरहु नाथ मम सङ्कट भारी" ॥ १२ ॥ भगवान् नारद जी से कहते हैं कि हे नारद ! तुमने अच्छा प्रश्न किया जिससे कि संसार का कल्याण हो और पापों से छूटकर जीव मोक्ष को प्राप्त हो जाय, सो हे नारद ! यह शरीर परोपकार में ही लगाना चाहिये ऐसा लिखा है कि—"पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाऽम्भः, स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः ॥ नाऽदन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः, परोपकाराय सतां विभूतयः" ॥ सो ऐसे ही करनी चाहिये और हे साधु ! हम आपसे अपना स्वभाव कहते हैं सो सुनो ॥ "सब मम प्रिय, सब मम उपजाये ॥ सबसे अधिक मनुज मोहिं भाये । तिन महँ द्विज, द्विज महँ श्रुतिधारी ॥ तिन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मँह निगम नीति अनुसारी ।। यह तन कर फल विषै न भाई ।। स्वर्गं स्वल्पफल अन्तहुँ दुखदाई ।। नर समान नहिं कवनिउ देही ।। जीव चराचर याचत जेही ।। नरतन पाइ विषय मन देहीं ।। पलटि सुधा से विष सठ लेहीं ।। फिरत सदा माया के प्रेरे काल कर्म स्वभाव गुण घेरे ।। दो० ।। "जो नर तरै न भवजलधि, नर समाज अस पाय ।। सो कृत-निन्दक मन्दमति, आत्माहन गति जाय ।। पर-द्रोही पर-दान-रत, पर-धन पर-अपवाद ।। ते नर पामर पापमय, देह धरे मनुजाद ।। ऐसे अधम मनुज खल, कृत युग त्रेता नाहिं ।। द्वापर कछुक वृन्द बहु, हैं यहि कलियुग माँहि ।। सो परत्र दुःख पावहीं, सिर धुनि धुनि पछिताय ।। कालहिं कर्महिं ईश्वरहिं झूठहिं दोष लगाय ।। चौ० ।। "जो परलोक इहाँ सुख चहहू ।। सुनि मम वचन हृदय मन गहहू ।। सानुकूल

व्रतमस्ति महत्पुण्यं स्वर्गे मर्त्ये च दुर्लभम् ॥ तव स्नेहान्मया विप्र ! प्रकाशः क्रियतेऽधुना ॥ १४ ॥

तेहि पर सब देवा ।। जो तजि कपट करै द्विज सेवा ।। दोहा ।। "श्रोता वक्ता ज्ञाननिधि, कथा राम की गूढ़ ।। किमि समुझै यह जीव जड़, कलिमल ग्रसित विमूढ़ ।।" सो हे नारद ! आपसे एक छोटासा उपाय कहते हैं आप एकाग्र चित्त से सुनो ।। १३ ।। एक ऐसा उत्तम व्रत है कि महापुण्य को देनेवाला और स्वर्ग तथा पृथ्वी में दुर्लभ है केवल इस समय हे नारद ! तुम्हारे स्नेह से प्रकाशित करते हैं ।। १४ ।। वह कौनसा व्रत है कि सत्यनारायण जो विष्णु भगवान् उनका व्रत वो पूजन जो प्राणी विधिपूर्वक करेंगे वे शीघ्र ही दुःख से छूटकर सुख भोगकर मोक्ष को प्राप्त होंगे ।। "चहुँ युग चहुँ श्रुति नाम प्रभाऊ ।। कलि विशेष नहिं आन उपाऊ ।। सहित दोष दुःख दास दुरासा । दलइ नाम जिमि रवि निशि नाशा ।।" और भी एक कवि ने कहा है ।। सवैया ।। "नारद जा दिन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चित्त विशुद्ध, सुनै यह सत्यकथा करि पूजा ॥ फल लेइ ऋतूद्भव पावइ जो, अरु चूर्ण बनावइ, विप्र-तनूजा ॥ पञ्चामृत में अन्हवाय प्रभु, सब देकर भाग सुनै जू मनूजा ॥ ब्राह्मण भोज करै सहजाति यही दुख मुक्ति उपाय न दूजा" ॥ १५ ॥ ऐसा भगवान् का वाक्य सुनकर नारदजी बोले कि हे भगवन् ! व्रत तो आपने कहा परन्तु इस व्रत का क्या फल है ?, क्या विधि है ?, कब करना चाहिये ? और किसने पूर्व में इसे किया है ? सो सब विस्तार पूर्वक कहिये ॥ १६ ॥ ऐसा नारदजी का वचन

सत्यनारायणस्यैव व्रतं सम्यग्विधानतः ॥ कृत्वा सद्यः सुखं भुक्त्वा परत्र मोक्षमाप्नुयात् ॥ १५ ॥

नारद उवाच—

तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं नारदो मुनिरब्रवीत् ॥ किं फलं ? किं विधानं च ? कृतं केनैव तद्व्रतम् ? ॥ १६ ॥
तत्सर्वं विस्तराद् ब्रूहि कदा कार्यं व्रतं प्रभो ! ? ॥

श्रीभगवानुवाच— दुःखशोकादिशमनं धनधान्यप्रवर्धनम् ॥ १७ ॥

सुनकर भगवान् बोले कि हे नारद ! व्रत का फल यह है कि जितने प्रकार के दुःख और शोक हैं, उनको नाश करने वाला और धन धान्य को बढ़ाने वाला है ॥ १७ ॥ और सौभाग्य व सन्तति को देने वाला और सम्पूर्ण जगह विजय को देने वाला है। सो हे नारद ! मनुष्य को जिस किसी दिन भक्ति श्रद्धा उत्पन्न हो उसी दिन व्रत को करे यह न विचार करै कि संक्रान्ति

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

एकादशी पौर्णिमा आवै तब करें ॥ १८ ॥ परन्तु सत्यनारायण प्रभु का पूजन सायङ्काल के समय में करनी चाहिये। किस प्रकार करै ? सो कहते हैं कि "भाव कुभाव अनख आलसहूँ ॥ नाम जपत मङ्गल दिशि दसहूँ ॥ ध्यान प्रथम युग, मख युग दूजे ॥ द्वापर परितोषत प्रभु पूजे ॥ कलि केवल फल मूल मलीना ॥ पाप पयोनिधि जनु मन मीना ॥" सो भगवान के लिये बहुत सा केले का खम्भा लगाकर मण्डप बनावै, आम के पत्ते का तोरण बाँधै ॥ १९ ॥ पाँच कलशों को जल से पूर्ण करके उसमें पञ्च रत्न,

सौभाग्यसन्ततिकरं सर्वत्र विजयप्रदम् ॥ यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्तिश्रद्धासमन्वितः ॥१८॥
सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशामुखे ॥ तोरणादि च कर्तव्यं कदलीस्तम्भमण्डितम् ॥१९॥
पञ्चभिः कलशैर्युक्तं ध्वजाद्यैश्च समन्वितम् ॥ जलपूर्णं स-रत्ने च पूगीफलसमन्विते ॥२०॥
भूषिते पुष्पमालाभिः सप्तधान्योपरिस्थिते ॥ छादयेत् पट्टवस्त्रैर्नानावस्त्रविचित्रितैः ॥२१॥
चन्दनादि सुगन्धेन लेपयेद् गृहमण्डपम् ॥ शङ्खभेरीमृदङ्गं च वादयेद् बहुभिर्जनैः ॥२२॥

पञ्चरत्न, सर्वौषधी, दूर्वा, कुशा, पूगीफल, सुवर्ण इत्यादि छोड़े ॥ २० ॥ और पुष्पमाला इत्यादि से सुशोभित कर सप्तधान्य के ऊपर सिंहासन के चारो कोनों पर और एक आगे मध्य में रक्खै और ध्वजा पताका टाँगे, पञ्चरङ्गा चँदवा बाँधै ॥ २१ ॥ और चन्दन आदि सुगन्धित द्रव्य से घर और कथा-स्थान याने मण्डप लिपवावै। शङ्ख भेरी मृदङ्ग ताल शहनाई इत्यादि

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बहुत से लोग बाजा बजावैं उत्सव मनावैं ॥ २२ ॥ और नाना प्रकार मङ्गल आचार सज्जन लोग करैं और सायङ्काल में नियम करैं। वह नियम यह है कि—एक दिन पहले सायङ्काल में चिचिड़ी इत्यादि से दँतुवन करै, स्नान करै, एक बखत भोजन करै, जमीन पर सोवे ॥ २३ ॥ उसके बाद प्रातःकाल उठकर शौचादि नित्य क्रिया करके दिन भर निराहार रहै और सायङ्काल में फिर स्नान करके शुभ आसन पर बैठकर गणेश गौरी कलश नवग्रहादि का पूजन करै। इसके बाद सुवर्णमयी विष्णु की शुभ प्रतिमा

नानामङ्गलचारैस्तु कर्त्तव्यं निजसज्जनैः ॥ सन्ध्यायां नियमं कृत्वा दन्तधावनपूर्वकम् ॥२३॥
प्रातरुत्थाय मेधावी स्नात्वाऽऽवश्यकमाचरेत् ॥ तदनु प्रतिमामेकां सुवर्णस्य शुभाकृतिम् ॥२४॥
कारयेद्वित्तमानेन स्थापयेच्च यथाविधि ॥ पञ्चामृतैस्ततो वस्त्रयुग्मेन परिवेष्टिताम् ॥२५॥
ताम्रपात्रेषु विन्यस्य स्थापयेत् प्रतिमां शुभाम् ॥ प्रतिष्ठां च प्रकुर्वीत स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ॥२६॥
चन्दनेन सुगन्धेन पुष्पैः कालोद्भवैः फलैः ॥ धूपैर्दीपैश्च नैवेद्यैस्ताम्बूलैः सफलैः शुभैः ॥२७॥

अपने वित्त अनुसार बनावै ॥२४॥ उस प्रतिमा को मध्य कलश पर या सिंहासन पर पञ्चामृत से स्नान कराकर दो वस्त्रों से वेष्टित करै ॥२५॥ जहां तक हो वहाँ तक तामे के पात्र में रखै, स्वस्तिवाचनपूर्वक प्रतिमा की प्रतिष्ठा करै अथवा शालिग्राम की मूर्ति सिंहासन पर वा मध्य कलश पर स्थापित करै ॥ २६ ॥ चन्दन, पुष्प, तुलसी, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, यज्ञोपवीत, दक्षिणा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इत्यादि से पूजन करै ।।२७।। ब्राह्मण, बान्धव भाई आदि को बुलाकर धर्मतत्पर होकर भक्ति पूर्वक ईश्वर को उत्तम उत्तम पदार्थ का नैवेद्य अर्पण करै ।।२८।। नैवेद्य जो है केला का फल और गौ का घृत, गौ का दूध, गेहूँ का आटा और चीनी मिलाकर चूर्ण करना अथवा गेहूँ का आटा और चीनी न प्राप्त होय तो चावल का आटा वो गुड़ मिलाकर चूर्ण बनावे ।।२९।। सब पदार्थ सवाई इकट्ठा करके भगवान् को अर्पण कर और ब्राह्मण का वो पुस्तक का पूजन करके दक्षिणा देकर जनों के सहित कथा को श्रवण

ब्राह्मणैर्बान्धवैश्चैव सहितो धर्मतत्परः ॥ नैवेद्यं भक्तितो दद्यात् सपादं भक्ष्यमुत्तमम् ॥२८॥
रम्भाफलं घृतं क्षीरं गोधूमस्य च चूर्णकम् ॥ अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा च गुडं तथा ॥२९॥
सपादं सर्वभक्ष्याणि चैकीकृत्य निवेदयेत् ॥ विप्राय दक्षिणां दद्यात् कथां श्रुत्वा जनैः सह ॥३०॥
ततश्च बन्धुभिः सार्धं विप्रांश्च प्रतिभोजयेत् ॥ प्रसादं भक्षयेद्भक्त्या नृत्यगीतादिकं चरेत् ॥३१॥
ततश्च स्वगृहं गच्छेत् सत्यनारायणं स्मरन् ॥ एवं कृते मनुष्याणां वाञ्छासिद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ॥३२॥

करै ।।३०।। तिसके बाद बन्धुजनों के सहित ब्राह्मण को भोजन करावै । प्रसाद भक्षण के बाद नाचना गाना बजाना कीर्तन आदि भगवान् के आगे रात्रि भर करै ।।३१।। जब अपने २ घर को लोग जायँ तो 'सत्यनारायण सत्यनारायण' ऐसा कहते जायँ, सो हे नारद ! इस प्रकार जो मनुष्य व्रत करेंगे उनको वाञ्छासिद्धि निश्चय करके होगी । विशेष करके कलियुग में इससे छोटा उपाय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कोई नहीं है ॥३२॥ ऐसा व्रत का माहात्म्य नारदजी से भगवान् ने कहा और शौनकादि से सूतजी ने कहा।

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदे रेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथाभाष टीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

इस प्रकार इस व्रत का माहात्म्य और काल विधि कहकर सूतजी शौनकादिक से और नारदजी से भगवान् आगे यह कहते हैं कि पहले व्रत को जिसने किया था। रमणीक जो काशीपुरी तिसमें एक अति निर्धन ब्राह्मण शतानन्द करके होते भये ॥१॥ वे ऐसे

विशेषतः कलियुगे लघूपायोऽस्ति भूतले ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

सूत उवाच—

अथाऽन्यत् सम्प्रवक्ष्यामि कृतं येन पुरा द्विज ॥ कश्चित्काशीपुरे रम्ये ह्यासीद्विप्रोऽतिनिर्धनः ॥१॥

क्षुत्तृड्भ्यां व्याकुलो भूत्वा नित्यं बभ्राम भूतले ॥ दुःखितं ब्राह्मणं दृष्ट्वा भगवान् ब्राह्मणप्रियः ॥२॥

दरिद्र ब्राह्मण थे कि भूख प्यास से दुःखित होकर नित्य इस पृथ्वी पर भिक्षा के लिये घूमते रहे। ऐसे दुःखी ब्राह्मण को देखकर भगवान् को दया आई। क्योंकि भगवान् को ब्राह्मण अति प्रिय हैं। उन्होंने देखा—"जटिलो मुण्डो लुञ्चितकेशः काषायाऽम्बर बहुकृतवेषः ॥ पश्यन्नपि न च पश्यति मूढः उदरनिमित्तं बहुकृतवेषः ॥ २ ॥" सो ब्राह्मण का रूप धारण करके भगवान् उस दुःखी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ब्राह्मण से आदर पूर्वक पूछते हैं कि—हे ब्राह्मण ! आप दुःखी होकर किस लिये इस पृथिवी पर नित्य घूमते हो ॥ ३ ॥ सो सब कहो। हे द्विजसत्तम ! हमारे सुनने की इच्छा है ॥ ब्राह्मण बोले कि —हे भगवन् ! मैं तो अति दरिद्र हूँ, कुटुम्ब पालने के लिये भिक्षा माँगता हूँ। दिन भर द्वार द्वार पर घूमता हूँ तब भी खाने भर नहीं मिलता सो क्या कहूँ। "नाऽस्ति क्षुधासमं दुःखं नाऽस्ति रोगः क्षुधासमः ॥ नाऽस्त्यादरसमं सौख्यं नाऽस्ति क्रोधसमो रिपुः ॥ बिन माँगे देते नहीं, अतिसय भयउ कठोर। उचित न ऐसो

वृद्धब्राह्मणरूपस्तं पप्रच्छ द्विजमादरात् ॥ किमर्थं भ्रमसे विप्र ! ? । महीं नित्यं सुदुःखितः ॥ ३ ॥

तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि कथ्यतां द्विजसत्तम ! ॥ ब्राह्मणोऽतिदरिद्रोऽहं भिक्षार्थं वै भ्रमे महीम् ॥ ४ ॥

उपायं यदि जानासि कृपया कथय प्रभो ! ? ॥

वृद्धब्राह्मण उवाच— सत्यनारायणो विष्णुर्वाञ्छितार्थफलप्रदः ॥ ५ ॥

चाहिये, पुनि पुनि करौं निहोर ॥ पुनि पुनि करौं निहोर, विनय इतनी सुनि लीजै। जा में दुःख छूटि जाय, सोई अब चटपट कीजै। सियाराम समुझाय कहत, चित तुमसो लागे ॥ दिया करो झट आय हमैं, नित दिन बिन माँगे" ॥ ४ ॥ सो हे महाराज ! यदि कृपा होय तो ऐसा उपाय कहिये, जिससे कि यह दरिद्रता छूट जाय। ऐसा ब्राह्मण का बचन सुनकर वृद्ध ब्राह्मण जो भगवान् हैं, सो कहते हैं कि हे ब्राह्मणदेवता ! तुम सत्यनारायण जो विष्णु भगवान् हैं उनका व्रत वो पूजन करो। वही वाञ्छित फलको देनेवाले हैं ॥५॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सो हे ब्राह्मणदेवता ! हमारे उपदेश से तुम उन्हीं का पूजन करो ! जो मनुष्य इस उत्तम व्रत वो पूजन को करता है वह सम्पूर्ण दुःख से छुटकर मुक्ति को प्राप्त होता है ॥ ६ ॥ "विप्र धेनु सुर सन्त हित, लीन मनुज अवतार ॥ निज इच्छा निर्मित तनु, माया गुण गोपार" ॥ वृद्ध ब्राह्मणरूपी भगवान् जो हैं सो ब्राह्मण से सब विधि बताकर भगवान् ने कहा कि "कलियुग सम नहिं आन युग, जो नर कर विश्वास ॥ गाइ राम गुन गन विमल, नर तर विनहिं प्रयास ॥ ईप्सितं मनसः सर्वं कस्य सम्पद्यते सुखम् ? ॥ दैवाधीनं

तस्य त्वं पूजनं विप्र ! कुरुष्व व्रतमुत्तमम् ॥ यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः ॥ ६ ॥
विधानं च व्रतस्याऽपि विप्रायाऽऽभाष्य यत्नतः ॥ सत्यनारायणो वृद्धस्तत्रैवाऽन्तरधीयत ॥ ७ ॥
तद्व्रतं सङ्करिष्यामि यदुक्तं ब्राह्मणेन वै ॥ इति सञ्चिन्त्य विप्रोऽसौ रात्रौ निद्रां न लब्धवान् ॥ ८ ॥
ततः प्रातः समुत्थाय सत्यनारायणव्रतम् ॥ करिष्य इति सङ्कल्प्य भिक्षार्थमगमद्द्विजः ॥ ९ ॥

यतः सर्वं तस्मात् सन्तोषमाश्रयेत् ॥ गो-धन गज-धन बाजि-धन और रतन-धन खान । जब आवै सन्तोष-धन, सब धन धूरि समान ॥" ऐसा कह कर भगवान् अन्तर्ध्यान याने गायब हो गये ॥ ७ ॥ तब ब्राह्मण देवता विचार करते भये कि वह ब्राह्मण तो बहुत विधि कह गये सो कैसे हम करेंगे, दिन भर भिक्षा माँगते हैं तो भी कुटुम्ब का पालन नहीं हो सकता उपवास ही होता है । इसी चिन्ता में रात्रि भर ब्राह्मण को निद्रा नहीं आई ॥ ८ ॥ प्रातःकाल उठकर शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर सन्तोषयुक्त यह सङ्कल्प करता

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भया कि आज जो कुछ भिक्षा से पावैंगे सो उसी द्रव्य से सत्यनारायण प्रभु का पूजन करेंगे ।। ९ ।। ऐसा सङ्कल्प करके भिक्षा के लिये जहाँ पर बहुत धनी लोग रहते थे वहाँ पर गया । भगवान् की कृपा से जाते ही एक धनी ने बुलाकर बहुत द्रव्य दिया । ब्राह्मण देवता अति प्रसन्नता पूर्वक उसी द्रव्य से बन्धुजनों को बुलाकर सत्यनारायण प्रभु का पूजन करते भये ॥ १० ॥ उसी व्रत के प्रभाव से ब्राह्मण सम्पूर्ण दुःख से छूटकर सम्पूर्ण सम्पत्ति को प्राप्त होते भये और सत्यदेव की कृपा से ब्राह्मण का बड़ा

तस्मिन्नेव दिने विप्रः प्रचुरं द्रव्यमाप्तवान् ॥ तेनैव बन्धुभिः सार्धं सत्यस्य व्रतमाचरत् ॥१०॥
सर्वदुःखविनिर्मुक्तः सर्वसम्पत्समन्वितः ॥ बभूव स द्विजश्रेष्ठो व्रतस्याऽस्य प्रभावतः ॥११॥
ततः प्रभृतिकालं च मासि मासि व्रतं कृतम् ॥ एवं नारायणस्येदं व्रतं कृत्वा द्विजोत्तमः ॥१२॥
सर्वपापविनिर्मुक्तो दुर्लभं मोक्षमाप्तवान् ॥ व्रतमस्य यदा विप्राः पृथिव्यां सञ्चरिष्यति ॥१३॥

मान होता भया । भगवान् कहते हैं कि ऐसा लिखा है कि—"धनेन किं यो न ददाति याचके ? बलेन किं यश्च रिपुं न बाधते ? । श्रुतेन किं यो न च धर्ममाचरेत् ? ।। किमात्मना यो न जितेन्द्रियो भवेत् ? ।। बालो वा यदि वा वृद्धो युवा वा गृहमागतः । तस्य पूजा विधातव्या सर्वस्याऽभ्यागतो गुरुः ।। प्राणस्य च परित्यागान्मानहानिर्गरीयसी ।। प्राणत्यागात् क्षणं दुःखं मानभङ्गाद्दिने दिने" ।।११।। अब ब्राह्मण जो है सो बराबर महीने के महीने व्रत करने लगे । इस प्रकार उस द्विजोत्तम ने सत्यनारायण का व्रत वो पूजन किया ।।१२।। इससे वह ब्राह्मण सम्पूर्ण पापों से छूटकर दुर्लभ मोक्ष को प्राप्त होते भये । इस प्रकार जो मनुष्य इस

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पृथ्वी पर व्रत को करेंगे ॥ १३ ॥ वे सम्पूर्ण दु ख से छूटकर मुक्ति को प्राप्त होंगे। इस प्रकार व्रत का प्रभाव भगवान् ने नारद जी से कहा ॥ १४ ॥ और सूतजी शौनकादि ऋषियों से कहते हैं कि जो कुछ भगवन्माहात्म्य था सो कहा और आगे क्या कहैं, सो कहो?। शौनकादि ऋषि लोगों ने सूतजी से पूछा कि हे महाराज! वह व्रत उस ब्राह्मण से किसने सुना और किसने इस व्रत को किया सो सम्पूर्ण वृत्तान्त हमारी सुनने की श्रद्धा है आप कृपा कर कहैं ॥ १५ ॥

तदैव सर्वदुःखं च मनुजस्य विनश्यति ॥ एवं नारायणेनोक्तं नारदाय महात्मने ॥ १४ ॥
मया तत्कथितं विप्राः किमन्यत्कथयामि ते ॥ ऋषय ऊचुः—
तस्माद्विप्राच्छ्रुतं केन पृथिव्यां चरितंमुने !॥ तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः श्रद्धाऽस्माकं प्रजायते ॥ १५॥

सूत उवाच—

श्रृणुध्वं मुनयः सर्वे व्रतं येन कृतं भुवि ॥ एकदा स द्विजवरो यथा विभवविस्तरैः ॥ १६ ॥

सूतजी शौनकादि ऋषियों का प्रश्न सुनकर उन लोगों से कहते हैं कि हे मुनि लोग! सुनो, ब्राह्मण से सुनकर जिसने इस पृथ्वी पर इस व्रत को किया सो कहते हैं। एक समय वही ब्राह्मण अपने ऐश्वर्य के अनुसार ॥ १६ ॥ अपने बान्धवों के सहित सत्यनारायण प्रभु का पूजन करने में उद्यत होता भया ॥ इतने में एक लकड़ी का बेचनेवाला आता भया, वहाँ पर आकर बड़े

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आश्चर्य में पड़ गया कि ब्राह्मण की यहां पर एक मड़ई रही सो किसने उजाड़ कर महल बना लिया। ऐसी चिन्ता में होकर लोगों से पूछा कि यहाँ पर एक ब्राह्मण की मड़ई रही सो क्या भई ॥ सवैया ॥ "रह्यो एक विप्र दरिद्र यहां, तेहि पर्णकुटी कहँ कौन उजारा ? ॥ गयो कित गेह उजारि कतों ?, उरज्वाल सुवेगि कि स्वर्ग सिधारा ? ॥ साथहिं जा। रहा नित माँगन, आय कोऊ नृप देश निसारा ? ॥ हे जनता ! कहु वेगि कृपा करि, जाई वस्यो कहँ विप्र भिखारा ॥" इतने में जो जनता लोग माला बताशा लिये कथा सुनने के लिये आते थे उन लोगों से उसको मालूम हुआ कि यही ब्राह्मण का घर है यहां पर भगवान् का पूजन

बन्धुभिः स्वजनैः सार्धं व्रतं कर्तुं समुद्यतः ॥ एतस्मिन्नन्तरे काले काष्ठक्रेता समागमत् ॥१७॥

बहिःकाष्ठं च संस्थाप्य विप्रस्य गृहमाययौ ॥ तृष्णया पीडितात्मा च दृष्ट्वा विप्रं कृतं व्रतम् ॥१८॥

प्रणिपत्य द्विजं प्राह किमिदं क्रियते त्वया ॥ कृते किं फलमाप्नोति विस्तराद्वद मे प्रभो ! ॥१९॥

हो रहा है। हम लोग वहीं जा रहे हैं ऐसा सुनकर वह भी ब्राह्मण के घर गया ॥१७॥ लकड़ी का बोझा माथे पर से उतारकर बाहर चौतरे पर रखकर, ब्राह्मण के घर में गया। वह भूख प्यास से बहुत दुःखी था वहाँ जाकर देखा कि ब्राह्मण देवता भगवान् का पूजन कर रहे हैं ॥१८॥ परन्तु ब्राह्मण से हाथ जोड़कर पूछता है कि आप किसका पूजन कर रहे हैं। इसके करने से क्या फल प्राप्त होता है, सो आप विस्तार पूर्वक कहिये ? ॥१९॥ ब्राह्मण ने लकड़हारे से कहा कि यह सत्यनारायण का व्रत वो पूजन कर रहे हैं,

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ऐसे प्रभु हैं कि जो इच्छा करे उसको पूर्ण करने वाले हैं। सो यह जो धन-धान्य है सो इन्हीं की कृपा से है। हे काष्ठविक्रेता! "शान्तितुल्यं तपो नास्ति, सन्तोषान्न परं सुखम् ॥ न च तृष्णाऽपरो व्याधिर्न च धर्मो दया परः। अन्तःसारविहीनानामुपदेशो न जायते। मलयाचलसंसर्गान्न वेणुश्चन्दनायते" ॥ २० ॥ ऐसा सुनकर प्रसन्न भया, प्रसाद खाकर जल पीकर नगर को चला

विप्र उवाच—

सत्यनारायणस्येदं व्रतं सर्वेप्सितप्रदम् ॥ तस्य प्रसादान्मे सर्वं धनधान्यादिकं महत् ॥ २० ॥
तस्मादेतद्व्रतं ज्ञात्वा काष्ठक्रेताऽतिहर्षितः ॥ पपौ जलं प्रसादं च भुक्त्वा स नगरं ययौ ॥ २१ ॥
सत्यनारायणं देवं मनसा इत्यचिन्तयत् ॥ काष्ठं विक्रयतो ग्रामे प्राप्यते चाऽद्य यद्धनम् ॥ २२ ॥
तेनैव सत्यदेवस्य करिष्ये व्रतमुत्तमम् ॥ इति सञ्चिन्त्य मनसा काष्ठं कृत्वा तु मस्तके ॥ २३ ॥
जगाम नगरे रम्ये धनिनां यत्र संस्थितिः ॥ तद्दिने काष्ठमूल्यं च द्विगुणं प्राप्तवानसौ ॥ २४ ॥

॥ २१ ॥ ऐसा ब्राह्मण से सत्यनारायण के व्रत का माहात्म्य सुनकर मन में प्रभु की चिन्तना करके कहता भया कि—काष्ठ के बेचने से आज जो कुछ धन मिलेगा ॥ २२ ॥ सो उसी द्रव्य से सत्यनारायण का पूजन करेंगे। ऐसा सङ्कल्प करके काष्ठ का बोझा माथे पर रखकर चलता भया ॥ २३ ॥ वह बोझा लेकर जहाँ पर बहुत से धनी लोग रहते थे वहाँ पर गया। जाते ही

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ईश्वर की कृपा से उसको उस लकड़ी का दाम दूना मिल जाता भया ॥ २४ ॥ तिसके बाद वह लकड़हारा प्रसन्न हृदय से पक्का-पका केले का फल, शर्करा, घृत, दुग्ध, गेहूँ का आटा सब इकट्ठा करता भया ॥ २५ ॥ लकड़हारा सब सामान इकट्ठा करके अपने घर को गया और बन्धु भाइयों को वो ब्राह्मण को बुलाकर विधिपूर्वक सत्यनारायण का व्रत व पूजन करता भया ॥ २६ ॥ तिस

ततः प्रसन्नहृदयं सुपक्वं कदलीफलम् ॥ शर्करा-घृत-दुग्धं च गोधूमस्य च चूर्णकम् ॥ २५ ॥
कृत्वैकत्र सपादं च गृहीत्वा स्वगृहं ययौ ॥ ततो बन्धून् समाहूय चकार विधिना व्रतम् ॥ २६ ॥
तद्व्रतस्य प्रभावेण धनपुत्रान्वितोऽभवत् ॥ इह लोके सुखं भुक्त्वा चाऽन्ते सत्यपुरं ययौ ॥ २७ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

व्रत के प्रभाव से लकड़हारा को भी धन पुत्र सब हो जाता भया ॥ भगवान् नारदजी से कहते हैं कि यह व्रत वो पूजन करने वाले—"जीवत सकल जनम फल पाये ॥ अन्त अमरपति सदन सिधाये" ऐसा तुलसीकृतरामायण में वसिष्ठजी ने भरतजी से कहा है ॥ २७ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथाभाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सूतजी महाराज शौनकादि से कहते हैं और भगवान् नारदजी से कहते हैं कि ब्राह्मण वो लकड़हारा ने जो किया सो कथा आप लोगों से कह चुके, आगे और जिसने व्रत किया है सो हे मुनिसत्तम ! सुनो हम कहते हैं। एक नगर में उल्कामुख नाम करके राजा था ॥ १ ॥ सो कैसा राजा था कि सब इन्द्रियों को वश में कर रक्खा था और सच्चा बोलने वाला और देवता के

सूत उवाच—

पुनरग्रे प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः । ॥ पुरा चोल्कामुखो नाम नृपश्चाऽऽसीन्महामतिः ॥१॥
जितेन्द्रियः सत्यवादी ययौ देवालयं प्रति ॥ दिने दिने धनं दत्त्वा द्विजान् सन्तोषयत् सुधीः ॥२॥
भार्या तस्य प्रमुग्धा च सरोजवदना सती ॥ भद्रशीलानदीतीरे सत्यस्य व्रतमाचरत ॥३॥
एतस्मिन्नन्तरे तत्र साधुरेकः समागतः ॥ वाणिज्यार्थं बहुधनैरनेकैः परिवारितः ॥४॥

मन्दिर में नित्य जाने वाला था, सो नित्य देवालय में जाकर इतना धन दान करता जिससे बहुत से ब्राह्मणों को सन्तोष हो जाता था ॥ २ ॥ ऐसा जो उल्कामुख राजा उसकी स्त्री सो युवा अवस्था और कमल ऐसा वदन है जिसका और पतिव्रता, कैसी पतिव्रता कि—"एकै धर्म एक व्रत नेमा ॥ काय वचन मन पति-पद प्रेमा ॥" ऐसी पतिव्रता थी, सो भद्रशीला नदी के तट पर राजा के सहित व्रत को करती थी ॥ ३ ॥ इसी के अनन्तर एक साधु नाम का बनिया व्यापार के लिये जवाहिरात इत्यादि नाव पर लाद

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कर जाता भया। जहाँ पर की राजा भगवान् का पूजन करता रहा ॥ ४ ॥ नाव को तीर में स्थापित (याने खड़ी) करके साधु नाम बनियाँ राजा के समीप गया, वो देखा कि राजा अपनी स्त्री के सङ्ग सत्यनारायण का पूजन कर रहा हैं। बनियाँ राजा से विनय पूर्वक पूछता है कि—॥ ५ ॥ हे राजन् ! आप भक्ति युक्त होकर पत्नी के सहित किसका पूजन और किस कार्य के लिये कर रहे हैं ?, सो सम्पूण आप कहिये, हमारे सुनने की इच्छा है ॥ ६ ॥ राजा बोले कि—हे साधु ! हम विष्णु भगवान् का

नावं संस्थाप्य तत्तीरे जगाम नृपतिं प्रति ॥ दृष्ट्वा स व्रतिनं भूपं पप्रच्छ विनयान्वितः ॥५॥

साधुरुवाच—

किमिदं कुरुषे राजन् ! भक्तियुक्तेन चेतसा ? ॥ प्रकाशं कुरु तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि साम्प्रतम् ॥६॥

राजोवाच—

पूजनं क्रियते साधो ! विष्णोरतुलतेजसः ॥ व्रतं च स्वजनैः सार्द्धं पुत्राद्यावाप्तिकाम्यया ॥७॥

पूजन कर रहे हैं। कैसे हैं प्रभु, जिनका अतुल तेज है सो हे साधु ! यह व्रत हम स्वजन के सहित इस वास्ते कर रहे हैं कि राज्य इत्यादि सब है परन्तु पुत्र नहीं है बिना पुत्र गृह और धन की शोभा वो मुक्ति नहीं है। इसलिये मैं पुत्रकामना के वास्ते पूजन करता हूँ। वह कैसे हैं भगवान् कि [सवैया]—"जग वैष्णव जाहि को विष्णु कहै, सब शैव जिन्हैं शिव मान

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अराधैं। शाक्त कहैं जिनको दुर्गा, सब वैदिक वेद की मूर्ति सुगाधैं। पुराण के जाननहार जिन्हैं अवतार कहैं प्रकृति सङ्ग आधैं। सोई सत्य सुदेवहिं पूजत हौं, जिन नाम लिये हटते सब बाधैं॥ दोहा—"यह व्रत के परताप से, वंशहीन सुत पाय। निर्धन धन सम पावहिं, रङ्क राव हो जाय"॥ ७॥ साधु बनियाँ राजा का वचन सुनकर आदर पूर्वक बोला कि हे राजन्! आप सम्पूर्ण विधि कहिये, मैं भी इस व्रत को करूँगा॥ ८॥ क्योंकि मेरे भी कोई सन्तति नहीं है इसलिये मैं निश्चय करके इस व्रतको करूँगा। ऐसा सुनकर राजा ने बनियाँ को सब विधि जैसा कि पहले कह आये हैं उसी प्रकार बताया। सो बनियाँ राजा से विधि सुनकर

भूपस्य वचनं श्रुत्वा साधुः प्रोवाच सादरम्॥ सर्वं कथय मे राजन्! करिष्येऽहं तवोदितम्॥ ८॥
ममाऽपि सन्ततिर्नास्ति ह्येतस्माज्जायते ध्रुवम्॥ ततो निवृत्य वाणिज्यात् सानन्दो गृहमागतः॥ ९॥
भार्यायै कथितं सर्वं व्रतं सन्ततिदायकम्॥ तदा व्रतं करिष्यामि यदा मे सन्ततिर्भवेत्॥ १०॥

अपने रोजगार से निवृत्त होकर आनन्दपूर्वक घर को आता भया॥ ९॥ घर पर आकर बनियाँ अपनी स्त्री से कहता भया कि हे प्रिये! इस यात्रा में उत्कामुख राजा से एक व्रत सुन आया हूँ जो कि पुत्र को देनेवाला है ऐसा सुनकर लीलावती ने कहा कि मैं इस व्रत को जरूर करूँगी क्योंकि—"न पुत्रात् परमो लाभो न भार्यायाः परं सुखम्। न सुधर्मात् परं मित्रं नाऽनृतात्पातकं परम्॥" ऐसा नीति में कहा है सो पुत्र होना तो अच्छा ही है परन्तु मेरे पुत्री भी हो तो बाँझ का नाम तो छूट जाता सो

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे स्वामी ! प्रातःकाल होते ही मैं इस व्रत को करूँगी और आप भी नियम के साथ व्रत रहियेगा, साधु नाम बनियाँ ने कहा कि हे प्रिये ! धन बहुत कष्ट से मिलता है अभी खरचने का काम नहीं है। जब हमारे सन्तति होगी तब व्रत को करेंगे ॥१०॥ लीलावती ने कहा कि क्या पुत्र रत्न से बढ़ कर द्रव्य है तो वैश्य ने कहा कि सुनो हे प्रिये ! "टका धर्म टका कर्म टका हि परमं तपः। यस्य गेहे टका नास्ति हा टका टकटकायते ॥ [कवित्त]—"द्रव्य बिनु माता निज नाता तजि पुत्र बेचै, द्रव्य बिनु नातेदार नाता

इति लीलावतीं प्राह पत्नीं साधुः ससत्तमः ॥ एकस्मिन् दिवसे तस्य भार्या लीलावती सती ॥११॥
भर्तृयुक्ताऽऽनन्दचित्ताऽभवद्धर्मपरायणा ॥ गर्भिणी साऽभवत्तस्य भार्या सत्यप्रसादतः ॥१२॥
दशमे मासि वै तस्याः कन्यारत्नमजायत ॥ दिने दिने सा ववृधे शुक्लपक्षे यथा शशी ॥१३॥

ना लगावै है। द्रव्य बिनु मित्र सब प्रीति की रीति तजै, द्रव्य बिनु नारी निज पतिहुँ भुलावै है ॥ द्रव्य बिनु भव्यरूप चमकत ना समामध्य, द्रव्य बिनु देश ते विदेश नर जावै है। कहाँ लौ कहौं काज एको चलै जा बिनु नहीं, ऐसो द्रव्य व्रत माँहि प्रिये ! क्यों लगावै है"। ऐसा वचन पति का सुनकर पतिव्रता स्त्री चुप हो गई ॥११॥ और पतियुक्त आनन्द चित्त धर्मपरायण होती भई। सत्यदेव के प्रसाद से गर्भ होता भया ॥१२॥ दस मास जब पूरा भया तब एक कन्या उत्पन्न भई, वह कैसी कन्या उत्पन्न होती भई कि रत्नस्वरूप (याने लक्ष्मीस्वरूप) और दिन-दिन जैसे शुक्लपक्ष के चन्द्रमा कला-कला से नित्य बढ़ते हैं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तैसे ही वह कन्या बढ़ने लगी ॥ १३ ॥ बनियाँ ने उसका नामकरण करने के लिये पण्डित लोगों को बुलाया सो पण्डित लोगों ने नित्यप्रति कला-कला बढ़ने से कलावती नाम रक्खा तब लीलावती ने मधुर बचन में पति से कहा ॥ १४ ॥ कि जो आपने पहले सङ्कल्प किया था कि हमारे कोई सन्तति होगी तो हम इस व्रत को करेंगे सो न करोगे ? साधु नाम

नाम्ना कलावती चेति तन्नामकरणं कृतम् ॥ ततो लीलावती प्राह स्वामिनं मधुरं वचः ॥१४॥

साधुरुवाच—

न करोषि किमर्थं वै पुरा सङ्कल्पितं व्रतम् ॥ विवाहसमये त्वस्याः करिष्यामि व्रतं प्रिये ! ॥१५॥

इति भार्यां समाश्वास्य जगाम नगरं प्रति ॥ ततः कलावती कन्या ववृधे पितृवेश्मनि ॥१६॥

दृष्ट्वा कन्यां ततः साधुर्नगरे सखिभिः सह ॥ मन्त्रयित्वा द्रुतं दूतं प्रेषयामास धर्मवित् ॥१७॥

बनियाँ बोला कि हे प्रिये ! अब इस व्रत को हम विवाह के समय में करेंगे क्योंकि इस समय बरही छट्ठी इत्यादि में ही बहुत खर्च हो चुका है ॥ १५ ॥ ऐसा अपनी स्त्री से कहकर नगर में घूमने चला गया और कलावती कन्या भगवत् की कृपा से कला-कला बढ़ती ही रही और थोड़े ही दिन में पिता के घर में सयानी हो गई ॥ १६ ॥ तब पिता ने एक दिन अपनी सहेलियों के सङ्ग नगर में कलावती को घूमते हुए देखा तो वह विचार करता भया कि विवाह के योग्य यह कन्या हो गई है सो दूत लोगों

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

को वो ब्राह्मण वो हज्जाम इत्यादि को बुलाकर कहा कि इस कन्या के लिये अच्छा सुन्दर श्रेष्ठ बालक विचार कर ले आवो (विचारने का भाव यह है कि पढ़ा लिखा होय, रोजगारी होय, घर का सुचित होय, दरिद्र न होय, जाति में कुलीन होय और हमारे घर पर रहै) ऐसा वचन साधु वैश्य का सुनकर दूत लोग काञ्चन नगर को जाते भये ॥ १७-१८ ॥ वहाँ पर दूत लोगों ने देखा कि एक बनियाँ का लड़का घर का बहुत सुचित था और सुन्दर पढ़ा लिखा महाजनी इत्यादि में पक्का ॥ १९ ॥ और जाति भाई में कुलीन अच्छा श्रेष्ठ ऐसा विचार कर दूत लोग उस बालक को बनियाँ के पास ले आये और बनियाँ से दूत लोगों

विवाहार्थं च कन्याया वरं श्रेष्ठं विचारय ॥ तेनाऽऽज्ञप्तश्च दूतोऽसौ काञ्चनं नगरं ययौ ॥१८॥
तस्मादेकं वणिक्पुत्रं समादाय गतो हि सः ॥ दृष्ट्वा तु सुन्दरं बालं वणिक्पुत्रं गुणाऽन्वितम् ॥१९॥
ज्ञातिभिर्बन्धुभिः सार्द्धं परितुष्टेन चेतसा ॥ दत्तवान्साधुः पुत्राय कन्यां विधिविधानतः ॥२०॥

ने कहा कि यह बालक हम लोग ले आये हैं। बनियाँ ने कहा कि कहाँ से लाये ? और क्या पढ़ा है ? दूत लोगों ने कहा कि हे वैश्य ! सुनिये इस बालक में जितना गुण है सो मैं कहता हूँ ॥ [सवैया]— "कुल उत्तम शील समेत सनाथ, धनी वय कोमल एक कुमारा ॥ उरदू अरु नागरि औ कोठिवाल, पढ्यौ सब वेद पुराण की धारा। क्रय विक्रय की सब जानत रीति, अहै अति सुन्दर घूंघरवारा ॥ अनुशासन पाय बुलायउँ मैं, अब कीजिय नाथ विवाह विचारा ॥" ऐसा सुनकर दूतों की बात से बनियां अपनी कलावती कन्या का विवाह उस बालक के साथ जैसा वेद में विधि लिखा है उसी रीति से कर देता भया ॥ २० ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तिसके बाद भाग्यवश प्रभुजी का उत्तम व्रत था सो भूल गया। तब भगवान् ने विचार किया कि देखो इस बनिये का। इसने कहा कि हमारे सन्तति होगी तब व्रत को करेंगे जब सन्तति भई तब कहा कि विवाह के समय में करेंगे, जब विवाह हो गया तब भी नहीं किया सो प्रभु उसको झूठ समझ कर रुष्ट हो गये ॥ २१ ॥ और बनियाँ ने उसी समय में निश्चत किया कि बहुत खर्च हो गया है सो रोजगार को चलाना चाहिये ऐसा विचार कर दामाद को सङ्ग लेकर शीघ्र चला ॥ २२ ॥ सो एक रत्नसारपुरी

ततो भाग्यवशात्तेन विस्मृतं व्रतमुत्तमम् ॥ विवाहसमये तस्यास्तेन रुष्टोऽभवत्प्रभुः ॥ २१ ॥

ततः कालेन नियतो निजकर्मविशारदः ॥ वाणिज्यार्थं ततः शीघ्रं जामातृसहितो वणिक् ॥ २२ ॥

रत्नसारपुरे रम्ये गत्वा सिन्धुसमीपतः ॥ वाणिज्यमकरोत्साधुर्जामात्रा श्रीमता सह ॥ २३ ॥

तौ गतौ नगरे रम्ये चन्द्रकेतोर्नृपस्य च ॥ एकस्मिन्नेव काले तु सत्यनारायणः प्रभुः ॥ २४ ॥

भ्रष्टप्रतिज्ञामालोक्य शापं तस्मै प्रदत्तवान् ॥ दारुणं कठिनं चास्य महद्दुःखं भविष्यति ॥ २५ ॥

नामक नगर है वहाँ पर जाता भया। सिन्धु के समीप नाव को खड़ा कर दामाद और आप दूकान लगाकर वाणिज्य कर्म करने लगा ॥ २३ ॥ वह चन्द्रकेतु राजा का नगर था जहाँ दोनों बनियां रोजगार कर रहे थे। इसके अनन्तर उसी काल में सत्यनारायण प्रभु ॥ २४ ॥ भ्रष्टप्रतिज्ञावणिक् को देखकर शाप देते भये। क्या शाप देते हैं कि—'तुमको कठिन से कठिन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

महादुःख प्राप्त होय' ॥ २५ ॥ यह लोभ का फल है, कृपणता करने से यही फल मिलता है। "लोभात् क्रोधः प्रभवति लोभात् कामः प्रजायते ॥ लोभान्मोहश्च नाशश्च लोभः पापस्य कारणम् ॥ माखी बैठी सहत पर चारो पैर गड़ाय। गड़ते गड़ते धँस गई लालच बुरी बलाय" ॥ भगवान् ने शाप देकर यह उपाय किया कि एक दिन राजा के यहाँ माया रूपी दो चोर राजा का धन चुराकर ले चले। जब कि फाटक पर आये तब सिपाहियों ने देखा कि हमारे पहरे में चोरी हो गई और चोर लोग धन

एकस्मिन्दिवसे राज्ञो धनमादाय तस्करः ॥ तत्रैव चाऽऽगतश्चौरो वणिजौ यत्र संस्थितौ ॥२६॥
तत्पश्चाद्धावकान् दूतान् दृष्ट्वा भीतेन चेतसा ॥ धनं संस्थाप्य तत्रैव स तु शीघ्रमलक्षितः ॥२७॥
ततो दूताः समायाता यत्राऽऽस्ते सज्जनो वणिक्॥दृष्ट्वा नृपधनं तत्र बद्ध्वाऽऽनीतौ वणिक्-सुतौ॥२८॥
हर्षेण धावमानाश्च ऊचुर्नृपसमीपतः ॥ तस्करौ द्वौ समानीतौ विलोक्याऽऽज्ञापय प्रभो ! ॥२९॥

लेकर जहां पर दोनों बनियाँ थे वहां पर जाते हैं ॥ २६ ॥ उन्हीं के पीछे दूत लोग भी पकड़ने के लिये दौड़े जहां पर दोनों बनियां थे वहां गये, इतने ही में वह जो मायावी चोर थे सो धन को बनियां के पास पटक कर गायब हो गये ॥ २७ ॥ वहां जब दूत दोनों बनियों के पास पहुंचे तो देखा कि राजा का धन रक्खा हुआ है सो दोनों बनियों को बांध कर ले चले ॥ २८ ॥ राजा के सामने प्रसन्नता पूर्वक ले जाकर कहा कि हे राजन् ! यही दोनों चोर हैं जो कि आपका धन चुरा कर ले जाते रहे, सो

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हम धर कर ले आये हैं। इनके लिये क्या आज्ञा होती है ? ॥२९॥ राजा ने कहा कि इन दोनों को खूब मजबूती से बाँधकर महदुर्ग कठिन जो कारागार=याने जेहलखाना है उसमें बन्द कर दो ॥३०॥ सत्यदेव की ऐसी माया की साधु नाम बनियों ने राजा से कहा कि—हे राजन् ! [सवैया]—"चोरी को नाम हूँ जानत नाहि, नहीं हम चोर, न चोर के भाई ॥ हौं बनियाँ, करते क्रय-विक्रय, बाँधि हमै, इन लायउ आई। कहिये हम शपथ करैं हरि की, कहिये हम लोह तपाय उठाई । लिखि लीजिय मोर बयान सबै, अब कीजिये मोर तुरन्त रिहाई।" सो हम लोग चोर नहीं है व्यापारी हैं, व्यापार के वास्ते बहुत सा जवाहिरात

राज्ञाऽऽज्ञप्तस्ततः शीघ्रं दृढं बद्ध्वा तु तावुभौ ॥ स्थापितौ द्वौ महादुर्गे कारागारे विचारतः ॥३०॥
मायया सत्यदेवस्य न श्रुतं कैस्तयोर्वचः ॥ अतस्तयोर्धनं राज्ञा गृहीतं चन्द्रकेतुना ॥३१॥

लेकर आये हैं, राजा ने कुछ न सुना। कहा कि चोर भी अपने कभी चोर बनते हैं और तुमको तो इतने ही में समझना चाहिये कि माल तुम्हारे पास बरामद है और तुम कहते हो कि हम चोर नहीं हैं । ऐसा कहकर राजा ने बनियाँ का जितना माल था सो सब अपने खजाने में रखवा दिया और उन लोगों को कैद कर दिया। तुलसीदास ने भी कहा है कि—"रामविमुख सम्पति प्रभुताई। जाई रही पाई बिनु पाई ॥ तात मात सब करहिं पुकारा । एहि अवसर को हमहिं उबारा" ॥ ऐसा कह कर रोदन करने लगा। प्रभु के विमुख होने से यही दशा होती है ॥ ३१ ॥ और उसी के साथ यहाँ बनियाँ के घर पर यह दशा होती भई कि बनियाँ की स्त्री वो पुत्री महान् दुःख को प्राप्त भई ऐसा क्या दुःख प्राप्त हुआ कि जितना धन-धान्य था सो चोर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चुरा ले गये। नीति में ऐसा कहा है कि—"न देवाय न धर्माय, न बन्धुभ्यो न चाऽर्थिने । दुर्जनेनाऽर्जितं द्रव्यं, भुज्यते राजतस्करैः" ॥३२॥ और मानसिक पीड़ा, परकृत्य जन्य पीड़ा, दैवजन्य पीड़ा, फोड़ा फुन्सी बोखार खाँसी इत्यादि अनेक प्रकार की व्याधि लग गई, खाने-पीने बिना मरने लगीं, यहाँ तक हुआ कि अन्न की चिन्ता से घर घर भिक्षा माँगने लगीं और कहने लगी कि [सवैया]—"सब ही धन चोर चुरा ले गये, नहिं छोड़ गये घर एकौ दाना । अब अन्न कहाँ मिलिहैं हमको, घरमों

तच्छापाच्च तयोर्गेहे भार्या चैवाऽतिदुःखिता ॥ चौरेणाऽपहृतं सर्वं गृहे यच्च स्थितं धनम् ॥३२॥
आधि-व्याधि-समायुक्ता क्षुत्पिपासाऽतिदुःखिता ॥ अन्नचिन्तापरा भूत्वा बभ्राम च गृहे गृहे ॥३३॥
एकस्मिन् दिवसे जाता क्षुधार्ता द्विजमन्दिरम् ॥ गत्वाऽपश्यद्व्रतं तत्र सत्यनारायणस्य च ॥३४॥
उपविश्य कथां श्रुत्वा वरं प्रार्थितवत्यपि ॥ प्रसादभक्षणं कृत्वा ययौ रात्रौ गृहं प्रति ॥३५॥

नहिं कोउ अहै मरदाना ॥ किससे तहँ हाल पठाइब मैं, बिनु खर्च लिये कस जाहि सयाना । नहिं पाउब भीखिउ माँगब जौं, अब कौन उपाय करौं भगवाना" ॥३३॥ एक दिन कलावती-कन्या क्षुधा से पीड़ित होकर भिक्षा के वास्ते ब्राह्मण के घर जाती भई, वहां पर देखा कि सत्यनारायण भगवान् का पूजन व कथा हो रही है ॥३४॥ सो बैठ गई, कथा सुनी और बहुत प्रार्थना करती भई, बाद वहां पर प्रसाद खाकर माता के वास्ते प्रसाद लेकर रात्रि में घर गई ॥३५॥ माता क्रोध से कहती भई कि हे पुत्री ! इतनी रात्रि हो गई तुम

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

किसके प्रेम में कहाँ रह गई ? तुम्हारे मनमें क्या है ? देखो नीति में लिखा है कि—ब्राह्मण, साधु, राजा यह जो हैं सो घूमने से पूजे जाते हैं और स्त्री घूमने से नष्ट हो जाती है ॥३६॥ कन्या कलावती माता से सत्य वचन कहती भई कि हे माता ! हम एक ब्राह्मण के घर भिक्षा के लिये गई रही सो वहाँ सत्यनारायण भगवान् का पूजन होता रहा, वहाँ पर बैठकर प्रभु का गुणानुवाद सुना जिसके पूजन से दुःख छूट जाता है और पिता इत्यादि शीघ्र आ जाँयगे, तो हे माता ! कल व्रत को करो यह वाञ्छासिद्धि को देने वाले

माता कलावती कन्यां कथयामास प्रेमतः ॥ पुत्रि ! रात्रौ स्थिता कुत्र ? किं ते मनसि वर्तते ? ॥३६॥

कन्या कलावती प्राह मातरं प्रति सत्वरम् ॥ द्विजालये व्रतं मातर्दृष्टं वाञ्छितसिद्धिदम् ॥३७॥

तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं व्रतं कर्तुं समुद्यता ॥ सा मुदा तु वणिग्भार्या सत्यनारायणस्य च ॥३८॥

व्रतं चक्रे सैव साध्वी बन्धुभिः स्वजनैः सह ॥ भर्तृजामातरौ क्षिप्रमागच्छेतां स्वमाश्रमम् ॥३९॥

हैं ॥३७॥ ऐसी कन्या की बातें सुनकर सबेरे व्रत करने की तैयारी भई और अपनी कन्या से कहा कि तुम भगवान् के पूजन की सामग्री जुटाओ आज व्रत को करेंगे ॥३८॥ बन्धु भाई वो ब्राह्मणों को बुलाकर व्रत करती भई और प्रभु से प्रार्थना करती भई कि हे प्रभु ! हमारे पति व दामाद शीघ्र अपने घरको आवेंगे तो आपका हम फिर पूजन करेंगे । [सवैया]–"मन्त्र विहीन वा तन्त्र विहीन, क्रिया से विहीन भयो कछु जोई । भक्ति विहीन हुआ कछु जो, तब पूजन के विधि में प्रभु सोई ॥ रमिहो सब आपनि ओर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

निहारि, कृपा करिये अब जानि व्रतोई ।। आवहिं वेगि घरे पति तात, सुदीजिय ये बरदान सदोई ।।" कन्या कलावती ऐसी प्रार्थना करती भई ।।३९।। और लीलावती प्रार्थना करती भई कि हमारे पति वो दामाद से जो कुछ अपराध भया हो सो क्षमा कीजिये । ऐसी प्रार्थनायुक्त लीलावती का व्रत करने से भगवान् प्रसन्न हो गये ।।४०।। सो सत्यनारायण प्रभु चन्द्रकेतु राजा को स्वप्न देखाते भये कि हे राजन् ! प्रातःकाल उन दोनों बनियों को बन्दीखाने से छोड़ देना ।।४१।। और जो कुछ उन लोगों का धन ले लिया

अपराधं च मे भर्तुर्जामातुः क्षन्तुमर्हसि ॥ व्रतेनाऽनेन तुष्टोऽसौ सत्यनारायणः पुनः ॥४०॥
दर्शयामास स्वप्नं हि चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम् ॥ वन्दितौ मोचय प्रातर्वणिजौ नृपसत्तम ! ॥४१॥
देयं धनं च तत्सर्वं गृहीतं यत्त्वयाऽधुना ॥ नो चेत्त्वां नाशयिष्यामि स-राज्यधनपुत्रकम् ॥४२॥
एवमाभाष्य राजानं ध्यानगम्योऽभवत्प्रभुः ॥ ततः प्रभातसमये राजा च स्वजनैः सह ॥४३॥

है उससे दूना करके दे देना, यदि ऐसा न करोगे तो राज्य के सहित धन पुत्र का नाश करूँगा ।।४२।। ऐसा स्वप्न राजा को देखा-कर भगवान् सत्यनारायण प्रभु गायब हो गये । इसके बाद राजा प्रातःकाल उठकर अपने जनों के सहित ।।४३।। सभा में जाकर बैठे और रात्रि का स्वप्न जो था सो मन्त्रियों व पण्डितों से सभा के मध्य में कहा, सो सब लोगों ने राजा से कहा कि हे राजन् ! यह स्वप्न ठीक है ऐसा ही करना चाहिये । इसके बाद दूतों को बुलाकर राजा ने कहा कि जो दोनों महाजन बनिया के पुत्र बँधे हैं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उन्हें शीघ्र छोड़देना चाहिये ॥४४॥ ऐसा राजाकी आज्ञा पातेही दूतलोग जेहल से दोनोंको निकालकर राजाके सामने ले आये और विनय पूर्वक दूत लोग कहते हैं ॥४५॥ कि हे राजन्! जेहल से छोड़ाकर दोनों बन्दियों को ले आये हैं। इसके बाद दोनों बनियों ने राजा चन्द्रकेतु को दण्डवत् किया ॥४६॥ और दोनों बनिया अपना पूर्व वृत्तान्त समझकर भय के मारे कुछ बोले नहीं। तब

उपविश्य सभामध्ये प्राह स्वप्नं जनं प्रति ॥ बद्धौ महाजनौ शीघ्रं मोचय द्वौ वणिक्सुतौ ॥४४॥

इति राज्ञो वचः श्रुत्वा मोचयित्वा महाजनौ ॥ समानीय नृपस्याऽग्रे प्राहुस्ते विनयान्विताः ॥४५॥

आनीतौ द्वौ वणिक्पुत्रौ मुक्तौ निगडबन्धनात् ॥ ततो महाजनौ नत्वा चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम् ॥४६॥

स्मरन्तौ पूर्ववृत्तान्तं नोचतुर्भयविह्वलौ ॥ राजा वणिक्सुतौ वीक्ष्य वचः प्रोवाच सादरम् ॥४७॥

दैवात् प्राप्तं महद्दुःखमिदानीं नास्ति वै भयम् ॥ तदा निगडसंत्यागं क्षौरकर्माद्यकारयत् ॥४८॥

वस्त्रालङ्कारकं दत्वा परितोष्य नृपश्च तौ ॥ पुरस्कृत्य वणिक्पुत्रौ वचसाऽतोषयद्भृशम् ॥४९॥

राजा ने दोनों बनियों की तरफ देखकर आदरपूर्वक कहा ॥४७॥ कि जो कुछ तुमको दुःख प्राप्त भया है सो दैव करके, हमारे करके नहीं। अब तुम मत डरो। इस समय कोई भय नहीं है, ऐसा कह कर राजा ने उन लोगों की हथकड़ी कटवा कर बाल बनवाने का हुक्म दिया, सो बाल बनवाया ॥४८॥ और वस्त्र गहना आदि उन लोगों को पहना कर मीठे मीठे बचन से राजा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ने उन लोगों को सन्तोष दिया ॥४९॥ और पहले का जो धन लिया रहा उसका दूना करके दिया और राजा ने कहा कि हे साधु ! तुम अपने घर को जाओ ॥ ५० ॥ ऐसा राजा का वचन सुनकर दोनों वैश्यों ने राजा से हाथ जोड़कर कहे कि—हे राजन् ! आपकी आज्ञा हुई है तो आपके प्रसाद से घर को जाते हैं ॥ ५१½ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथाभाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

पुरा नीतं तु यद्द्रव्यं द्विगुणीकृत्य दत्तवान् ॥ प्रोवाच च ततो राजा गच्छ साधो ! निजाश्रमम् ॥५०॥
राजानं प्रणिपत्याऽऽह गन्तव्यं त्वत्प्रसादतः ॥ ५१½ ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

सूत उवाच—

यात्रां तु कृतवान् साधुर्मङ्गलायनपूर्विकाम् ॥ ब्राह्मणाय धनं दत्त्वा तदा तु नगरं ययौ ॥ १ ॥

सूतजी शौनकादिकों से कहते हैं कि—हे ऋषियो ! वह साधु वैश्य यात्रा के पहिले ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर मङ्गलपूर्वक अपने नगर को चलते भये ॥ १ ॥ जब कुछ दूर पर गया तब भगवान् ने विचार किया कि देखें इसका मन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शुद्ध भया कि नहीं, सो दण्डी स्वामी का रूप धारण करके बनियाँ से पूछा कि तुम्हारी नाव में क्या है? ॥ २ ॥ तब धन के मद से उन्मत्त ये दोनों वैश्य संन्यासी से कहने लगे कि आप क्यों पूछते हैं? आपको इस दुनियाँ के प्रपञ्च से क्या मतलब है? आपको द्रव्य लेने की इच्छा है क्या? सो इस नाव में नहीं है फिर आप तो संन्यासी हैं आपको तो अग्नि और द्रव्य इत्यादि का स्पर्श भी शास्त्र से मना है ॥ ३ ॥ दोहा ॥ "बदल भेष दण्डी गये, नाव बीच क्या अस्त। मुद्रा की इच्छा

कियद्दूरे गते साधौ सत्यनारायणः प्रभुः ॥ जिज्ञासां कृतवान् साधो ! किमस्ति तव नौस्थितम् ? ॥२॥
ततो महाजनो मत्तो हेलया च प्रहस्य वै ॥ कथं पृच्छसि भो दण्डिन् ! मुद्रा नेतुं किमिच्छसि ? ॥३॥
लता-पत्रादिकं चैव वर्त्तते तरणौ मम ॥ निष्ठुरं च वचः श्रुत्वा सत्यं भवतु ते वचः ॥४॥

तुम्हैं, कहैं महाजन मस्त ॥ घाटा फिरता माल है, क्या पूछत हौ बात?। बनियाँ की यह नाव है, धनियादिक तेजपात ॥" सो हम लोग तो बनियाँ हैं, हमारी नाव में जो लदा है सो कहते हैं, सुनो। (कवित्त) "धनियाँ दालचीनी लवङ्ग चूरा लायची गरी मिरिच मँगरैला मेथी मोथा ये भरे हैं जी ॥ पीपर पित्तपापड़ा परासबन्दा पिपरामूल हरदी हींग हर्रा तेजपत्ता ये हरे हैं जी ॥ इमिली इमलतास सोंठ सिन्धिया सोहागा सोमल सौंफ स्याहजीरा सरफोंका ये सरे हैं जी ॥ साधु कहैं जिनिस जाहिर भरी है जम्मा दण्डी महाराज मेरी नाव में धरे हैं जी ॥ सहत सफेदा सीप साम्हर नमक सेंधा सुरती सतावर सारा लादा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कलकत्ता है। मिश्री मु क्का मोम माधोजी मुलेठी मुश्क माजूफल मुक्का माघो मरचा अलबत्ता है। कासनी कसौजी कुसुम केसर कपास किसमिस कचरी कचूर कुचिला कपूर कत्थादि को चकत्ता है॥ साधू कहैं दण्डी महाराज यहाँ मुद्रा कहाँ, एक नहिं तत्ता, न व भरे लत्ता पत्ता है॥ चकवड़ चिरायता चहारतुख्म चोप चीनी चन्दन चिरौंजी चोवा चैन कौन बनता है। सालिम सोपाड़ी समलपत्ती सनाय सज्जी सेमर के तूल मूल फूल फल घनता है॥ जाफरान्र जावित्री जहरमार जवाखार जहर हैं हजार झूठ कहत

एवमुक्तो गतः शीघ्रं दण्डी तस्य समीपतः॥ कियद्दूरे ततो गत्वा स्थितः सिन्धुसमीपतः॥ ५॥
गते दण्डिनि साधुश्च कृतनित्यक्रियस्तदा॥ उत्थितां तरणीं दृष्ट्वा विस्मयं परमं ययौ॥ ६॥
दृष्ट्वा लतादिकं चैव मूर्च्छितो न्यपतद्भुवि॥ लब्धसञ्ज्ञो वणिक्पुत्रस्ततश्चिन्तान्वितोऽभवत्॥ ७॥

नाहीं बनता है॥ बच्छनाग बबुरी बहेरा और दण्डी जी, साधु कह्यो माधो नाव भरे लत्ता पत्ता है॥" इस प्रकार साधु बनियाँ का निष्ठुर वचन सुनकर दण्डी ने कहा कि जो तुम्हारा वचन है-'सो सत्य होय अर्थात् तुम्हारी नौका में लतापत्र ही हो जाय'॥४॥ इस प्रकार कहकर संन्यासी जी वहाँ से चलकर नदी के समीप ही एक स्थान पर बैठ गए॥ ५॥ उनके जाने के बाद वैश्य अपना नित्य कर्म करता भया, उसके बाद उस नौका को देखा कि जल से उतराई भई है सो आश्चर्य करने लगा॥६॥ अभी तो इस नौका के बराबर जल था और थोड़ी ही देर में यह जल में उतराय गई सो नौका पर चढ़कर देखता भया कि जितना जवाहिरात इत्यादि था सो

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सब लता पत्रादिक हो गया, सो देखकर मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥७॥ एक कवि ने कहा है कि—"मूँगा उन्नाव भयो हीरा भयो नून नाश, गन्धक पोखराज भयो पन्ना मो पसेरी जी। मोती भई लायची सु सोना भयो रामरज, रूपा भयो सेत्खरी लगी भई ढेरी जी॥ चुन्नी भई लाही माधो मणीलाल काँच कच्चे, भये लता पत्र भरे साधूसारी नाव हेरी जी॥ गिरे मतवाले से देवाले की बनीजी देख, दौड़ के उठायो हैं दामाद हाथ फेरी जी॥" साधु नाम बनियां से दामाद कहता है कि—

तदा तु दुहितुः कान्तो वचनं चेदमब्रवीत् ॥ किमर्थं क्रियते शोकः? शापो दत्तश्च दण्डिना ॥ ८ ॥
शक्यतेऽनेन सर्वं हि कर्तुं चाऽत्र न संशयः ॥ अतस्तच्छरणं यामो वाञ्छितार्थो भविष्यति ॥ ९ ॥
जामातुर्वचनं श्रुत्वा तत्सकाशं गतस्तदा ॥ दृष्ट्वा च दण्डिनं भक्त्या नत्वा प्रोवाच सादरम् ॥१०॥

[श्लोक] "गते शोको न कर्त्तव्यो भविष्यं नैव चिन्तयेत् ॥ वर्तमानेन कालेन प्रवर्तन्ते विचक्षणाः ॥" क्यों शोक करते हो? आपको संन्यासी का शाप है ॥ दोहा ॥ "दण्डी जी को शाप है, गहो जाइके पांव ॥ तब यह पूरी होयगी, माल जाल से नाव ॥ प्रणतपाल रघुवंशमणि, करुणासिन्धु खरारि ॥ गये शरण प्रभु राखिहैं, सब अपराध बिसारि ॥ मोहमूल बहु शूलप्रद, त्यागहु तुम अभिमान। भजहु राम रघुनायकहिं, कृपासिन्धु भगवान्" ॥ ८-९ ॥ ऐसो दामाद की बातें सुनकर साधु वैश्य दण्डी स्वामी के पास गया और शीघ्रता से भक्तिपूर्वक दण्डवत् करता भया और दण्डी स्वामी से आदर पूर्वक बोला

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ १० ॥ कि मैंने जो कुछ आपके समीप झूठ कहा उस अपराध को क्षमा कीजिये । ऐसा बारम्बार दण्डवत् करता भया और महाशोक से व्याकुल हो जाता भया ॥ ११ ॥ उस वैश्य को अत्यन्त विलाप करते हुए देख के उससे दण्डी स्वामी कहते हैं—॥ "नहिं तुमसे भूषण चहत, नहिं तुमसे धन-धाम ॥ नहिं तुमसे भोजन चहत नहिं तुमसे कछु काम ।" सो हे साधु वैश्य ! तुम रोवो मत, तुमने मेरी पूजा करने को कहकर नहीं किया ॥ १२ ॥ इसलिये हे बुद्धिहीन ! मेरी ही आज्ञा से तुमको बारम्बार

क्षमस्व चापराधं मे यदुक्तं तव सन्निधौ ॥ एवं पुनः पुनर्नत्वा महाशोकाकुलोऽभवत् ॥११॥
प्रोवाच वचनं दण्डी विलपन्तं विलोक्य च ॥ मा रोदीः शृणु मद्वाक्यं मम पूजाबहिर्मुखः ॥१२॥
ममाऽऽज्ञया च दुर्बुद्धे ! लब्धं दुःखं मुहुर्मुहुः ॥ तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं स्तुतिं कर्तुं समुद्यतः ॥१३॥

दुःख भया है ॥ सो हे साधु वैश्य ! सुनो—[सवैया] "हितजानि तुम्हैं उपदेश दिया, धन भूखे कङ्गाल को बाँटियेगा । पहिचान के लोग से बात करो, भलमानुस को मत डाँटियेगा ॥ कहीं दीन मलीन जो दीख परैं, सियराम कहे दुख काटियेगा ॥ यश गावेंगे प्यारे तिहारे सभी, कभी, कूप तलाब न पाटियेगा । उपदेश हमारी सुनो चित सों, कवि पण्डित को मत कोचियेगा । सबसे हिलके मिलके रहिये, इन बातन को उर सोचियेगा॥ कोउ सङ्कट में जब आन फँसे, सियराम कहे दुःख मोचियेगा"॥ ऐसी दण्डी स्वामी का वचन सुनकर वैश्य स्तुति करता है ॥१३॥ साधु वैश्य ने कहा कि हे प्रभु ! आपकी माया से ब्रह्मादिक सब

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

देवता भी मोहित हुए हैं और वे भी आपके आश्चर्यकारक स्वरूप और गुणों को नहीं जानते ॥ १४ ॥ और मैं तो मूढ़ हूँ याने मूर्ख हूँ, आपकी माया से मोहित हुआ हूँ इसलिये मैं आपको कैसे जानूँ। अब मेरे अपराध को क्षमा कीजिये। मैं आपका अपने ऐश्वर्य के अनुसार पूजन करूँगा ॥ १५ ॥ मैं आपकी शरण आया हूँ इसलिये फिर मेरा पहिला द्रव्य मुझको देकर मेरी रक्षा करो, ऐसी उस साधु वैश्य की भक्ति युक्त बात सुनकर दण्डी स्वामी प्रसन्न होते भये और कहते भये कि—॥१६॥ [कवित्त]—"धन के

साधुरुवाच—

त्वन्मायामोहिताः सर्वे ब्रह्माद्यास्त्रिदिवौकसः ॥ न जानन्ति गुणान् रूपं तवाश्चर्यमिदं प्रभो! ॥१४॥

मूढोऽहं त्वां कथं जाने मोहितस्तव मायया ॥ प्रसीद पूजयिष्यामि यथाविभवविस्तरैः ॥१५॥

पुरा वित्तं च तत्सर्वं त्राहि मां शरणागतम् ॥ श्रुत्वा भक्तियुतं वाक्यं परितुष्टो जनार्दनः ॥१६॥

घमण्ड प्यारे मन से तुम दूर करो, दौलत खजाना माल सबै धर जाना है। थोड़ी सी जिन्दगी में सियाराम ध्यान धरो, आयो तुम जहाँ ते फेर वाही घर जाना है। हुज्जत लड़ाई करने का कुछ काम नहीं, काहे को किसी से ताहिं बैर कर जाना है। लाखन में एक बात तुम से बताये जात, काहू को सताओ मत अन्त मर जाना है॥" आगे दण्डी स्वामी बनियाँ को इतना समझा कर वर देते भये कि—'तुम्हारा मनोरथ सिद्ध हो, याने तुम्हारा द्रव्य तुमको मिल जाय।' ऐसा इच्छित वर देकर सत्यनारायण प्रभु

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जो दण्डी वेष में थे, सो वहीं पर गुप्त हो गये और वैश्य ने नाव पर आकर देखा तो नाव धन से भरी हुई पायी ॥ १७ ॥ ऐसा स्मृति में लिखा है—[श्लोक] "परोपकरणं येषां जागर्ति हृदये सताम् ॥ नश्यन्ति विपदस्तेषां सम्पदस्तु पदे पदे ॥ अष्टादशपुराणानां व्यासस्य वचनद्वयम् ॥ परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम् ॥" बनियाँ ने सब जनों से कहा कि सत्यनारायण प्रभु की कृपा से मेरा मनोरथ सिद्ध हुआ। ऐसा कहकर स्वजन के सहित वहाँ ही पर श्रद्धापूर्वक सत्यनारायण प्रभु का पूजन करके उनकी

वरं च वाञ्छितं दत्त्वा तत्रैवाऽन्तर्दधे हरिः ॥ ततो नावं समारुह्य दृष्ट्वा वित्तप्रपूरिताम् ॥१७॥
कृपया सत्यदेवस्य सफलं वाञ्छितं मम ॥ इत्युक्त्वा स्वजनैः सार्द्धं पूजां कृत्वा यथाविधि ॥१८॥
हर्षेण चाऽभवत्पूर्णः सत्यदेवप्रसादतः ॥ नावं संयोज्य यत्नेन स्वदेशगमनं कृतम् ॥१९॥
साधुर्जामातरं प्राह पश्य रत्नपुरी मम ॥ दूतं च प्रेषयामास निजवित्तस्य रक्षकम् ॥२०॥

कृपा से अपने घर को चलने की तैयारी करता भया ॥ १८ ॥ आगे सत्यदेव के प्रसाद से धन से पूर्ण नाव की चीजें सब ठिकाने-ठिकाने कर आनन्दपूर्वक दामाद वो नौकर इत्यादि को सङ्ग लेकर अपने देश को जाता भया ॥ १९ ॥ बहुत रोज के बाद अपने नगर के पास साधु नाम बनियाँ आया तब दामाद से कहने लगा कि देखो यह हमारा रत्नपुर नगर दिखाई दे रहा है। ऐसा कह के उस वैश्य ने अपने धन की रक्षा करने वाले दूत को अपने घर भेजा ॥ २० ॥ वह दूत जब नगर में गया वहाँ जाके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

साधु वैश्य की स्त्री को देख के हाथ जोड़ा और प्रिय वचन सुनाया ॥२१॥ उस दूत ने साधु वैश्य की स्त्री से कहा कि आपके पति वो दामाद सब जनों के सहित बहुत-सा धन लेकर नगर के निकट आ गये हैं ॥ २२ ॥ ऐसा दूत का वचन सुनकर उस पतिव्रता स्त्री ने बड़ी आनन्दित होकर उसी समय अपनी कन्या से कहा कि तुम सत्यनारायण का पूजन करो । २३ ॥ और मैं शीघ्र पति

दूतोऽसौ नगरं गत्वा साधुभार्यां विलोक्य च॥ प्रोवाच वाञ्छितं वाक्यं नत्वा बद्धाऽञ्जलिस्तदा॥२१॥
निकटे नगरस्यैव जामात्रा सहितो वणिक् ॥ आगतो बन्धुवर्गैश्च वित्तैश्च बहुभिर्युतः ॥२२॥
श्रुत्वा दूतमुखाद्वाक्यं महाहर्षवती सती ॥ सत्यपूजां ततः कृत्वा प्रोवाच तनुजां प्रति ॥२३॥
व्रजामि शीघ्रमागच्छ साधुसन्दर्शनाय च ॥ इति मातृवचः श्रुत्वा व्रतं कृत्वा समाप्य च ॥२४॥
प्रसादं च परित्यज्य गता साऽपि पतिं प्रति ॥ तेन रुष्टः सत्यदेवो भर्तारं तरणीं तथा ॥२५॥
संहृत्य च धनैः सार्द्धं जले तस्यामभज्जयत् ॥ ततः कलावती कन्या न विलोक्य निजं पतिम् ॥२६॥

का दर्शन करके आती हूँ, ऐसा कहकर माता तो अपने पति का दर्शन को चली गई और कन्या माता का ऐसा वचन सुनकर शीघ्र भगवान् का पूजन कर और प्रसाद न लेकर अपने पति के दर्शन को चली गई ॥ २४ ॥ सो प्रसाद त्याग कर कन्या का जाना देख भगवान् रुष्ट हो गये और उसके पति को नौका तथा धन के सहित ॥ २५ ॥ जल में डुबो दिया, पीछे वह कलावती

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अपने पति को न देखकर बहुत दुःखी होती भयी ॥ २६ ॥ और महाशोक में होकर रोती रोती पृथ्वी पर गिर पड़ी और कहने लगी कि—॥ "काह करौं मैं जाउ कहँ, बिनु पति कहाँ ठिकान ? । दुःख दुखिया बिनु को सुनै, केतिक करौं बयान ॥" तब वह वैश्य डूबी नाव को और कन्या को बहुत दुःखी देख ॥ २७ ॥ बनियाँ मनमें बड़ा भयभीत होकर ऐसा विचार करने लगा कि यह

शोकेन महता तत्र रुदन्ती चाऽपतद्भुवि ॥ दृष्ट्वा तथाविधां नावं कन्यां च बहुदुःखिताम् ॥२७॥
भीतेन मनसा साधुः किमाश्चर्यमिदं भवेत् ॥ चिन्त्यमानाश्च ते सर्वे बभूवुस्तरिवाहकाः ॥२८॥
ततो लीलावती कन्यां दृष्ट्वा सा विह्वलाऽभवत् ॥ विललापातिदुःखेन भर्तारं चेदमब्रवीत् ॥२९॥
इदानीं नौकया सार्द्धं कथं सोऽभूदलक्षितः ॥ न जाने कस्य देवस्य हेलया चैव सा हृता ॥३०॥
सत्यदेवस्य माहात्म्यं ज्ञातुं वा केन शक्यते ? ॥ इत्युक्त्वा विललापैव ततश्च स्वजनैः सह ॥३१॥

बड़ा आश्चर्य हुआ और वे सब नाव चलाने वाले मल्लाह भी चिन्ता करने लगे ॥ २८ ॥ बाद लीलावती उस कन्या को विलाप करती देखकर अति दुःख से व्याकुल भई और विलाप करके पति से कहने लगी ॥ २९ ॥ कि देखते देखते दामाद नौका सहित कैसे अलक्षित हो गया ? न जाने किसी देवता के चमत्कार से वह नाव गायब हो गया था कोई भूत प्रेतादिक तो नहीं गायब कर दिये ? ऐसी आश्चर्य जनक बातें कह रही थी ॥३०॥ परन्तु सत्यनारायण का माहात्म्य जानने के लिये कौन समर्थ है ? कहीं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उन्हीं के कोप से ऐसा नहीं हुआ है ऐसा कहकर फिर शोक करने लगी ॥३१॥ और कन्या कलावती को गोद में लेकर लीलावती रोदन करने लगी। बाद कलावती अपना पति नष्ट हुआ देखकर दुःखित होकर विचार करती भई कि जब पति नष्ट हो गये तो हम जीकर क्या करें, हमारा जीना व्यर्थ है सो सती हो जाना चाहिये ॥ ३२ ॥ ऐसा विचार कर मकान पर गई और पति का खड़ाऊँ लेकर वहाँ पर आई, उसी खड़ाऊँ को लेकर सती होने का निश्चय किया। फिर विचार करने लगी कि हमारा पति जल में डूबा

ततो लीलावती कन्यां क्रोडे कृत्वा रुरोद ह ॥ ततः कलावती कन्या नष्टे स्वामिनि दुःखिता ॥३२॥
गृहीत्वा पादुकां तस्याऽनुगन्तुं च मनो दधे ॥ कन्यायाश्चरितं दृष्ट्वा सभार्यः सज्जनो वणिक् ॥३३॥
अतिशोकेन सन्तप्तश्चिन्तयामास धर्मवित् ॥ हृतं वा सत्यदेवेन भ्रान्तोऽहं सत्यमायया ॥३४॥
सत्यपूजां करिष्यामि यथा विभवविस्तरैः ॥ इति सर्वान् समाहूय कथयित्वा मनोरथम् ॥३५॥

है तो खड़ाऊँ लेकर मैं भी जल में डूब जाऊँ अथवा अग्नि में जल जाऊँ, ऐसा विचार करके माता से कहा कि—"आनि काठ शुभ मातु तैं, अबहीं चिता बनाय। घर से मैं पादुका, लाती हूँ अब जाय ॥ [सा०] ॥ पावक देहु लगाय, वाही में मैं बैठि हौं। भस्म देह हो जाय, जीने से कुछ काम नहीं ॥" कन्या की ऐसी बातें सुनकर स्त्री के सहित बनियाँ बहुत दुःखित भया ॥ ३३ ॥ शोक से अति सन्तप्त होकर विचार करने लगा कि यह सब ऐश्वर्य मेरा सत्यनारायण ने हरण किया है अथवा मैं उनकी माया से भ्रान्त हुआ हूँ यह नहीं जान सकता ॥ ३४ ॥ बाद वैश्य ने सबों को बुलाय के अपना मनोरथ सुनाय के कहा कि यह मेरा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कष्ट सत्यनारायण प्रभु दूर करेंगे तो अपने ऐश्वर्य के अनुसार मैं भगवान् का पूजन करूँगा क्योंकि यह सब सत्यनारायण प्रभु की कृपा है और कोई नहीं ॥ [सवैया]--"जबहीं जब कष्ट परयो हमको, तबहीं तब सत्य सुदेवहिं क्रोधा। देखहु जाइ बिदेशहु में, बिनु चोरी किये धरि बाँधेउ जोधा॥ धन नावहु में सब पत्र भये, सब पूर्ण भयो पुनि दण्डिहि सोधा। यहि ते हम जानहिं सो दीनन के क्रोध कियो, हठि सत्यनारायण जानि अबोधा" ॥ ३५ ॥ ऐसा कह कर पृथ्वी पर बारम्बार दण्डवत् करता भया,

नत्वा च दण्डवद्भूमौ सत्यदेवं पुनः पुनः ॥ ततस्तुष्टः सत्यदेवो दीनानां परिपालकः ॥ ३६ ॥
जगाद वचनं चैनं कृपया भक्तवत्सलः ॥ त्यक्त्वा प्रसादं तं कन्या पतिं द्रष्टुं समागता ॥ ३७ ॥
अतोऽदृष्टोऽभवत्तस्याः कन्यकायाः पतिर्ध्रुवम् ॥ गृहं गत्वा प्रसादं च भुक्त्वा साऽऽयाति चेत्पुनः ॥ ३८ ॥
लब्धभर्त्री सुता साधो भविष्यति न संशयः ॥ कन्यका तादृशं वाक्यं श्रुत्वा गगनमण्डलात् ॥ ३९ ॥
क्षिप्रं तदा गृहं गत्वा प्रसादं च बुभोज सा ॥ सा पश्चात् पुनरागत्य ददर्श सजनं पतिम् ॥ ४० ॥

पालन करनेवाले प्रभु प्रसन्न होते भये ॥ ३६ ॥ उनके प्रसन्न होने से आकाश वाणी होती भई कि--'हे साधु! तेरी कन्या मेरा प्रसाद त्याग करके अपने पति का दर्शन करने को चली आई है ॥ ३७ ॥ इससे इसके पति का दर्शन नहीं हुआ, यह कन्या अब घर जाकर प्रसाद खाके फिर आवेगी ॥ ३८ ॥ तो इसका पति इसको निःसन्देह मिलेगा।' उस कन्या ने गगन मण्डल से आकाशवाणी सुनके ॥ ३९ ॥ शीघ्र घर को जाती भई, घर जाकर प्रसाद खाया, जल पिया फिर वहाँ पर आई तो स्वजनों के

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सहित अपने पति को देखा अब विचार करती भई कि पिता के सङ्कोच से पति से चलने को कह नहीं सकती ॥ ४० ॥ इसलिये पिता से कहती है कि अब घर को चलिये विलम्ब क्यों करते हो ? ॥ ४१ ॥ ऐसा कन्या का वचन सुन करके वैश्य सन्तुष्ट होता भया उसी समय वहीं पर सत्यनारायण प्रभु का विधिपूर्वक पूजन करके ॥ ४२ ॥ द्रव्य और बन्धुजनों के सहित आनन्द पूर्वक घर को आया। बाद हर पौर्णमासी और सङ्क्रान्ति को बराबर सत्यनारायण प्रभु का पूजन करता रहा ॥ ४३ ॥ शौनकादिक

ततः कलावती कन्या जगाद पितरं प्रति ॥ इदानीं च गृहं याहि विलम्बं कुरुषे कथम् ? ॥ ४१ ॥
तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं सन्तुष्टोऽभूद्वणिक्सुतः ॥ पूजनं सत्यदेवस्य कृत्वा विधिविधानतः ॥ ४२ ॥
धनैर्बन्धुगणैः सार्द्धं जगाम निजमन्दिरम् ॥ पौर्णमास्यां च सङ्क्रान्तौ कृतवान् सत्यस्य पूजनम् ॥ ४३ ॥
इह लोके सुखं भुक्त्वा चाऽन्ते सत्यपुरं ययौ ॥ ४४ ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्र-
संहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

ऋषियों से सूतजी महाराज कहते हैं कि इस प्रकार साधु वैश्य व्रत के प्रभाव से इस लोक में सुख भोग कर अन्त में सत्यपुर याने वैकुण्ठ को प्राप्त होता भया ॥ ४४ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रसंहितात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथाभाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अब सूतजी ने शौनकादिक ऋषियों से कहा कि हे मुनिश्वरो ! और भी एक कथा कहता हूँ सो आप लोग सुनो ? ।
सतयुग में एक तुङ्गध्वज राजा रहे सो प्रजा के पालन करने में तत्पर ऐसा था कि प्रजा को पुत्र के समान पालन करने वाला
था ॥ १ ॥ वह राजा सत्यनारायण का प्रसाद त्यागने से अत्यन्त दुःखी हुआ । सो वृत्तान्त इस प्रकार है कि एक समय वह
तुङ्गध्वज राजा सेना सङ्ग लेकर बड़े भारी जङ्गल में मृगादिक का शिकार करने के लिये गया और अनेक प्रकार के पशुओं का
शिकार करते हुए एक मृग के पीछे घोड़ा दौड़ाते घोर जङ्गल में अकेला जा पहुँचा । सब सेना का सङ्ग छूट गया । वहाँ पर

सूत उवाच—

अथाऽन्यत्सम्प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः ! ॥ आसीत्तुङ्गध्वजो राजा प्रजापालनतत्परः ॥ १ ॥
प्रसादं सत्यदेवस्य त्यक्त्वा दुःखमवाप सः ॥ एकदा स वनं गत्वा हत्वा बहुविधान् पशून् ॥ २ ॥

एक प्रेत वट वृक्ष पर रहता था सो बहुत रोज का भूखा था सो राजा को देखकर खाने को दौड़ा । राजा ने विचार किया कि
अब क्या करना चाहिये ? तो मन स्थिर करके प्रेत से राजा ने कहा कि हे प्रेत ! तुमने कौन-सा ऐसा पाप किया था जिससे
प्रेत-योनि में पहुँचे ? राजा का वचन सुनकर प्रेत बोला कि हम गुजरात के रहनेवाले हैं । हमने पूर्वजन्म में बहुत से पाप किये,
जिससे कि यह योनि पायी । सो घूमते घूमते इस जङ्गल में पड़े हैं, राजा ने कहा कि तुम हमारे साथ चलो तुमको अच्छे-अच्छे
पदार्थ खिलावेंगे और प्रेतयोनि से छूटने का भी उपाय करेंगे । ऐसा सुनकर प्रेत बहुत प्रसन्न हुआ । तो उस प्रेत से राजा ने

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कहा कि भाई चलोगे तो हमारे यहाँ कोई बाधा तो न करोगे ? तो प्रेत ने कहा कि हमारे आप मित्र हो गये, मित्र से धोखा नहीं किया जाता । एक कवि ने कहा है कि—॥ [श्लोक] "मित्रद्रोही कृतघ्नश्च ये च विश्वासघातकाः । ते नरा नरकं यान्ति यावत् चन्द्र-दिवाकरौ ॥" ऐसा कहकर राजा के सङ्ग चला । आगे जाकर एक वृक्ष था वहाँ पर राजा ने घोड़ा खड़ा कर दिया, वह प्रेत वट वृक्ष पर बैठ गया ॥ २ ॥ राजा उस वट वृक्ष के नीचे वहाँ ठण्ढा होने लगा ॥ [श्लोक]—"यथा हि पथिकः कश्चिच्छायामाश्रित्य तिष्ठति । विश्रम्य च पुनर्गच्छेत् तद्वद्भूतः समागतः ।" इस प्रकार राजा ने ठण्ढा होकर वहाँ देखा कि बहुत

आगत्य वटमूलं च दृष्ट्वा सत्यस्य पूजनम् ॥ गोपाः कुर्वन्ति सन्तुष्टा भक्तियुक्ताः स-बान्धवाः ॥३॥
राजा दृष्ट्वा तु दर्पेण न गत्वा न ननाम सः ॥ ततो गोपगणाः सर्वे प्रसादं नृपसन्निधौ ॥४॥
संस्थाप्य पुनरागत्य भुक्त्वा सर्वे यथेप्सितम् ॥ ततः प्रसादं सन्त्यज्य राजा दुःखमवाप सः ॥५॥

से ग्वाल लोग भक्तिपूर्वक सत्यनारायण प्रभु का पूजन कर रहे हैं ॥ ३ ॥ ऐसा देखकर राजा अहङ्कार से न तो वहाँ पर गया न उसने सत्यनारायण प्रभु को हाथ ही जोड़ा । जब पूजन समाप्त हो गया तब ग्वाल लोगों ने सत्यनारायण का प्रसाद राजा के आगे ले जाकर रक्खा ॥ ४ ॥ और अपने स्थान पर आकर सब लोगों ने इच्छानुसार प्रसाद खाया और राजा उस प्रसाद को त्याग कर चला । प्रेत ने विचार किया कि भूख लगी है । अभी राजा खाने को कब देंगे ? तो यह प्रसाद खालें सो प्रसाद उठाकर खा गया । तुरन्त ही आकाश से बिमान आया, उस पर बैठकर वह स्वर्ग को चला गया और उसका मोक्ष हो गया,

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तस्य पुत्रशतं नष्टं धनधान्यादिकं च यत् ॥ सत्यदेवेन तत्सर्वं नाशितं मम निश्चितम् ॥६॥
अतस्तत्रैव गच्छामि यत्र देवस्य पूजनम् ॥ मनसा तु विनिश्चित्य ययौ गोपालसन्निधौ ॥७॥
ततोऽसौ सत्यदेवस्य पूजां गोपगणैः सह ॥ भक्तिश्रद्धान्वितो भूत्वा चकार विधिना नृपः ॥८॥
सत्यदेवप्रसादेन धनपुत्रान्वितोऽभवत् ॥ इह लोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ॥९॥

और राजा को प्रसाद त्यागने से बड़ा दुःख प्राप्त भया ॥ ५ ॥ वह क्या दुःख प्राप्त भया कि उस राजा के सौ पुत्र थे वे सब नाश को प्राप्त भये और धन-धान्यादि जो सम्पत्ति थी सो सब नष्ट हो गई। तब राजा ने विचार किया कि सत्यनारायण के प्रसाद त्यागने से ही हमारी यह दशा भई है इसमें संशय नहीं ॥ क्योंकि इनमें इतनी शक्ति है ॥ [श्लोक] ॥ "रङ्कं करोति राजानं राजानं रङ्कमेव च ॥ धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं तथा" ॥ ६ ॥ ऐसा विचार करके जहाँ पर सत्यनारायण का पूजन हो रहा था वहाँ चलैं ऐसा निश्चय करके उन ग्वाल लोगों के पास गये ॥ ७ ॥ इसके बाद सब गोप लोगों के सहित राजा ने भक्तिपूर्वक श्रद्धायुक्त होकर यथाविधि सत्यनारायण का पूजन किया ॥८॥ बाद सत्यदेव के प्रसाद से राजा को पुत्र और धन-धान्य सब ज्यों-का-त्यों हो गया और इस लोक में सुख भोगकर अन्तकाल में सत्यलोक को प्राप्त हुआ ॥ ९ ॥ सूतजी कहते हैं कि हे शौनकादिक मुनीश्वरो ! ऐसा लिखा है—[श्लोक] "कः कालः कानि मित्राणि, को देशः कौ व्ययागमौ ? ॥ कश्चाऽहं का च

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मे शक्तिरिति चिन्त्यं मुहुर्मुहुः ॥" सो हे मुनिश्वरो ! सब मनुष्यों को समझकर भगवान् में प्रीति रखनी चाहिये । जो मनुष्य भक्तिपूर्वक सत्यनारायण का व्रत वो पूजन करता है तथा वाञ्छित फल देने वाला और पुण्यकारक कथा सुनता है ॥१०॥ तो उसको सत्यनारायण के प्रसाद से धन-धान्यादिक सब प्राप्त होता है । जो दरिद्र है उसको धन लाभ होगा, जो बन्धन में पड़ा होगा सो बन्धन से छूट जायगा ॥ ११ ॥ और जो किसी प्रकार का भय खा गया हो याने डर गया हो तो

य इदं कुरुते सत्यं व्रतं परमदुर्लभम् ॥ शृणोति च कथां पुण्यां भक्तियुक्तः फलप्रदाम् ॥ १० ॥

धन-धान्यादिकं तस्य भवेत्सत्यप्रसादतः ॥ दरिद्रो लभते वित्तं बद्धो मुच्येत बन्धनात् ॥११ ॥

भीतो भयात्प्रमुच्येत सत्यमेव न संशयः ॥ इप्सितं च फलं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं व्रजेत् ॥ १२ ॥

इति वः कथितं विप्राः सत्यनारायणव्रतम् ॥ यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः ॥ १३ ॥

विशेषतः कलियुगे सत्यपूजा फलप्रदा ॥ केचित् कालं वदिष्यन्ति सत्यमीशं तमेव च ॥ १४ ॥

वह डर से छूट जायगा इस भाँति इस लोक में वाञ्छित फल भोग के अन्तकाल में वैकुण्ठ को जायगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। यह सत्य है ॥१२॥ सूतजी महाराज कहते हैं कि हे ब्राह्मणो ! इस प्रकार सत्यनारायण प्रभु का व्रत जो मनुष्य करते हैं सो सब भवसागर रूपी दुःखों से छूट जाते हैं ॥ १३ ॥ और कलियुग में विशेष करके सत्यनारायण की पूजा ही फल को देनेवाली

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

है और इनको कोई काल भी कहते हैं, कोई ईश कहते हैं ॥ १४ ॥ कोई सत्यनारायण, कोई सत्यदेव कहते हैं । नाना प्रकार के रूप धारण करके सब मनोरथ को पूर्ण करते हैं ।।१५।। और यही सनातन अविनाशी भगवान् इस कलियुग में सनातन (विष्णु) सत्यव्रतरूप धारण करके इच्छा की पूर्ति करते हैं ।।१६।। सूतजी महाराज कहते हैं कि हे मुनीश्वरो ! जो मनुष्य यह कथा पढ़ता है उसका सत्यदेव के प्रसाद से सम्पूर्ण पाप नाश हो जाता है ।।१७।। सूतजी महाराज कहते हैं कि हे मुनीश्वरो ! जिसने

सत्यनारायणं केचित् सत्यदेवं तथापरे ॥ नानारूपधरो भूत्वा सर्वेषामीप्सितप्रदम् ॥ १५ ॥
भविष्यति कलौ सत्य-व्रतरूपी सनातनः ॥ श्रीविष्णुना धृतं रूपं सर्वेषामीप्सितप्रदम् ॥ १६ ॥
य इदं पठते नित्यं शृणोति मुनिसत्तमाः ॥ तस्य नश्यन्ति पापानि सत्यदेवप्रसादतः ॥ १७ ॥
व्रतं यैस्तु कृतं पूर्वं सत्यनारायणस्य च ॥ तेषां त्वपरजन्मानि कथयामि मुनीश्वराः ! ॥ १८ ॥
शतानन्दो महाप्राज्ञः सुदामा ब्राह्मणो ह्यभूत्॥तस्मिन् जन्मनि श्रीकृष्णं ध्यात्वा मोक्षमवापह॥१९॥

सत्यनारायण का व्रत पूर्व जन्म में किया था उन लोगों के दूसरे जन्म का हाल कहते हैं, सुनो—॥१८॥ वह शतानन्द करके जो गरीब ब्राह्मण थे सो दूसरे जन्म में सुदामा होते भये सो वे श्रीकृष्ण में प्रीति करके मोक्ष को प्राप्त भये ॥ १९ ॥ और काष्ठ का बोझ ढोनेवाला जो भिल्ल था सो उस जन्म में गुहराज याने निषाद राजा होता भया सो श्रीरामजी की सेवा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करके मोक्ष को प्राप्त होता भया ॥ २० ॥ और उल्कामुख जो राजा थे सो दूसरे जन्म में दशरथ होते भये सो रङ्गनाथ का पूजन करके श्रीवैकुण्ठ को जाते भये ॥ २१ ॥ और धार्मिक जो सत्यसन्ध साधु बनिया थे सो मोरध्वज राजा भये सो ऐसे सत्यवान् राजा की पतीयुक्त आरा से अपने पुत्र के दाहिने तरफ का अङ्ग काटकर ब्राह्मण रूपधारी श्रीकृष्ण को देना स्वीकार किया, सो ऐसा दृष्टान्त है कि—एक समय भगवान् ने विचार किया कि मोरध्वज राजा बड़ा भारी सत्यवादी है इसकी परीक्षा करनी चाहिये। सो एक रोज ब्राह्मण का रूप धारण करके और एक रस्सी में शेर बाँधे हुये राजा के समीप आये। राजा से कहा

काष्ठभारवहो भिल्लो गुहराजो बभूव ह ॥ तस्मिन् जन्मनि श्रीरामं सेव्य मोक्षं जगाम वै ॥२०॥
उल्कामुखो महाराजो नृपो दशरथोऽभवत् ॥ श्रीरङ्गनाथं सम्पूज्य श्रीवैकुण्ठं तदागमत् ॥२१॥
धार्मिकः सत्यसन्धश्च साधुर्मोरध्वजोऽभवत् ॥ देहार्धं क्रकचैश्छित्वा दत्वा मोक्षमवाप ह ॥२२॥

कि हमारा शेर बहुत भूखा है सो खाने को देव। राजा ने कहा कि आप का शेर क्या खायगा? ब्राह्मण महाराज ने कहा कि तुम्हारे पुत्र को खायेगा। तो राजा ने कहा कि महाराज! तैयार है। एकही पुत्र राजा को था। ब्राह्मण ने कहा कि हे राजन्! रानी से जाकर पूछो तो। रानी से राजा ने जाकर कहा कि हे रानी! एक ब्राह्मण शेर लेकर आया है सो कहता है कि यह शेर भूखा है सो तुम्हारे पुत्र को खायगा। ऐसा सुनकर रानी ने ब्राह्मण से कहा सब आपही का है। तब ब्राह्मण ने रानी से कहा इस लड़के का दाहिना अङ्ग आरा से चीर कर देव तो खायगा, बायाँ अङ्ग नहीं खायगा, परन्तु लड़के को आँसू न बहै तब

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

खायगा। उसी वक्त लड़के के शिर पर माता पिता ने ज्यों ही आरा चलाया त्यों ही बायीं आँख से आंसू बहा। ब्राह्मण ने कहा कि आंसू आ गया अब नहीं खायगा तो लड़के ने कहा कि क्यों नहीं खायगा ? जिस अङ्ग से आंसू आ गया है वह तो खाना नहीं है और जिस अङ्ग को खाना है उसमें आंसू नहीं आया है बांये अङ्ग में आंसू आया। क्यों आया ? कि बायें अङ्ग को कष्ट

तुङ्गध्वजो महाराजः स्वायम्भुरभवत् किल ॥ सर्वान् भागवतान् कृत्वा श्रीवैकुण्ठं तदागमत् ॥ २३॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे

सत्यनारायणव्रतकथायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

भया कि हम ऐसे पतित हैं कि हमको नहीं ग्रहण किया गया, इससे आंसू आया। इतना सुनकर ब्राह्मण ने कहा कि तुम्हारा धर्म सत्य है, तुम्हारा मोक्ष होय। ऐसा कहकर ब्राह्मण ने हाथ फेरा इससे मोक्ष को प्राप्त भये ॥२२॥ और तुङ्गध्वज जो महाराज थे सो दूसरे जन्म में स्वायम्भुर्मनु होते भये, सो सम्पूर्ण भागवत को सुन कर श्रीवैकुण्ठधाम को पधारे ॥ २३ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे चतुर्विंशतिसहस्रात्मके अन्यदेवरेवाखण्डे श्रीवायुनन्दनमिश्रकृतभाषाटीकासहितायां

सत्यनारायणव्रतकथायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

—०❋०—

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

❀ व्रतान्ते पूजनं हवनञ्च ❀

पञ्चभूसंस्कारपूर्वकमग्निं संस्थाप्य वरणद्रव्यं चाऽऽदाय । अस्मिन् सत्यनारायणव्रतकथाहवनकर्मणि एभिर्वरणद्रव्यैरमुकशर्माणं ब्राह्मणं ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे । वृतोऽस्मीति प्रतिवचनम् ॥ ततः कुशकण्डिकां विधायाघारावाज्यभागौ हुत्वा ग्रहाहुतिं प्रधानाहुतिं च कुर्यात् ॥ तत्र क्रमः ॥ हस्तपरिमितां चतुरस्रां वेदीं कुशैः परिसमूह्य तान् कुशानैशान्यां परित्यज्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन त्रिरुल्लिख्य उल्लेखनक्रमेण मृदमुद्धृत्य जलेनाऽभ्युक्ष्य अग्निमुपसमाधाय ॥ ततो दक्षिणतो ब्रह्मासनादारभ्य पर्युक्षणान्तं कुशकण्डिकां कृत्वा ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये न मम ॥ ॐ इन्द्राय स्वाहा इदमिन्द्राय० ॥ ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये० ॥ ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय० ॥ इति आघारावाज्यभागौ ॥ ॐ आकृष्णेनेति सूर्याय स्वाहा इदं सूर्याय० ॥ ॐ इमं देवेति चन्द्राय स्वाहा इदं चन्द्राय० ॥ ॐ अग्निर्मूर्द्धेति भौमाय स्वाहा ॥ इदं भौमाय० ॥ ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने इति बुधाय स्वाहा इदं बुधाय० ॥ ॐ बृहस्पते इति बृहस्पतये स्वाहा इदं बृहस्पतये० ॥ ॐ अन्नात्परिस्रुतेति शुक्राय स्वाहा इदं शुक्राय० ॥ ॐ शन्नो देवीति शनैश्चराय० ॥ ॐ कया नश्चित्रेति राहवे स्वाहा इदं राहवे० ॥ ॐ केतुं कृण्वन्नेति केतवे स्वाहा इदं केतवे० । इति होमः ॥ अथ प्रधानहोमः ॥ ॐ इदं विष्णुर्वि श्रीसत्यनारायणाय स्वाहा १०८ इदं विष्णवे० ॥ ततः कर्पूरार्तिः ॥ ॐ इदर्ठं० हविः वा 'कर्पूरगौरम्—' इति आर्तिक्यम् । कृतैतत् सत्यनारायणव्रतकथाहवनकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं पूर्णपात्रं ब्रह्मणे तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कृतैतद् व्रतकथाश्रवणकर्मणः साङ्गतासिद्धयर्थं यथासंख्याकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये, ताम्बूलं दक्षिणां च दास्ये ॥ कृतैतत् कथाहवन-कर्मणः साङ्गतासिद्धयर्थं तन्मध्ये न्यूनातिरिक्तदोषपरिहारार्थं नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो भूयसीं दक्षिणां विभज्य दातुमहमुत्सृजे । यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम् । इष्टकामसमृद्धयर्थं पुनरागमनाय च ॥ गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ ! स्वस्थाने परमेश्वर ! ॥ यत्र ब्रह्मादयो देवास्तत्र गच्छ हुताशन ! ॥ इति देवान् विसर्जयेत् ॥ तिलकाशीर्वादः ॥ स्वस्तिरस्तु या विनाशाख्या पुण्यकल्याण-वृद्धिदा ॥ विनायकप्रिया नित्यं तां च स्वस्ति ब्रुवन्तु नः ॥ नारिकेलः क्रोडे दद्यात् ॥ मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः ॥ शत्रूणां बुद्धिनाशोऽस्तु मित्राणामुदयस्तव ॥ 'येन बद्धो बली राजे'ति रक्षाबन्धनम् ॥

* इति सत्यनारायणव्रतकथा, तदन्ते पूजनं हवनञ्च समाप्तम् *

प्रकाशकः—

मास्टर खेलाड़ीलाल एण्ड सन्स,

संस्कृत बुकडिपो,

कचौड़ीगली, बनारस—१

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्व० पण्डितश्रीयदुनन्दनमिश्रकृतग्रन्थरत्नानि

अर्कविवाहः =)
उपनयनपद्धतिः-मूलमात्रम् ।।=)
कुम्भविवाहः =)
गयाश्राद्धपद्धतिः-मूलमात्रम् ।=)
ग्रहप्रयोगः अर्थात् ग्रहशान्तिः २।।)
गोदानपद्धतिः- =)
चान्द्रायणव्रतकथा-भा०टी० ≡)
चतुर्लिङ्गतोभद्रचक्रम् ≡)
दुर्गासप्तशती-पत्रात्मकम् २।।)
दुर्गासप्तशती-कार्पासपत्राच्छा-
दनयुता १)
दुर्गासप्तशती-गुटका १)
द्वादशहरिहरमण्डलचक्रम् ≡)
नवग्रहचक्रम्— ... -)।।
नारायणबलिप्रयोगः १।)
प्रत्यङ्गिरास्तोत्रम्— =)
पञ्चदानपद्धतिः-मूलमात्रम् ।=)
पञ्चाङ्गपद्धतिः— ,, ।=)
पुत्तलविधानपद्धतिः-भा०टी० ।=)
पुराणोक्तग्रहशान्ति-वास्तुशान्ति-
सर्वदेवप्रतिष्ठा १।।)
प्रतिष्ठामहोदधिः— ५)
प्रेतमञ्जरी-भाषाटीकासहिता २।)
मण्डपकुण्डसिद्धिः-भा०टी० ।।)
मूलशान्तिः—मूलमात्रम् ।≡)
अस्याः—चक्रम् ≡)
रामविवाहपद्धतिः ।)
रुद्रयागपद्धतिः-मूलमात्रम् २।।)
वास्तुशान्तिप्रयोगः ,, ।।=)
वाशिष्ठीहवनपद्धतिः ।।=)
विवाहपद्धतिः-मूलमात्रम् ।।=)
,, —पुराणोक्ता ।-)
विष्णुयागपद्धतिः २)
वरुणमण्डलचक्र रंगीन ≡)
विपरीतप्रत्यङ्गिरास्तोत्रम् =)
शान्तिमयूखः २।।)
शिलान्यास-देहलीन्यासपद्धतिः ।)
शूद्रैकोद्दिष्टपार्वणपद्धतिः ●)
शूद्रदशगात्र-एकादशाह-वृषो-
त्सर्गसपिण्डनश्राद्धपद्धतिः ।=)
श्राद्धसंग्रहः-नूतनश्राद्धविवेकः १)
श्रावणीप्रयोगः—मूलमात्रम् १।।)
श्रीसत्यनारायणव्रतकथा-चमत्का-
रसंयुक्तहिन्दीटीकासहिता ।।=)
सर्वतोभद्रच०—अतीवरमणीयम् ≡)
संस्कारभास्करः— १)
हरितालिकाव्रतकथा भा०टी० ≡)
त्रयोदशसंस्कारविधिः यन्त्रस्थ

पुस्तकप्राप्तिस्थानम्—मास्टर खेलाड़ीलाल ऐण्ड सन्स, कचौड़ीगली, बनारस-१

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इति

श्रीसत्यनारायणव्रतकथा

भाषाटीकासहिता

मुद्रकः— मास्टर प्रिण्टिङ्ग वर्क्स, बुलानाला, बनारस १।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection